PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, रविवार19 जुलाई 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## पांच घंटे चला प्रश्नकाल, छह सेकंड में पांच प्रस्ताव पास

अलीगढ़ नगर निगम बोर्ड अधिवेशन में शनिवार को शहरवासियों को बड़ी राहत दी गई। शहर पर जलमूल्य का करीब 50 करोड़ रुपये बकाया है। इसे माफ कराने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।अलीगढ़ शहर के विकास और आमजन से जुड़ी समस्याओं पर मंथन के लिए नगर निगम बोर्ड का सामान्य अधिवेशन शनिवार को एक वर्ष के बाद हुआ। इसमें विकास के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा के बीच कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अधिवेशन में पांच घंटे का समय प्रश्नकाल में बीता और अंतिम छह सेकंड में एक अनुपूरक सहित कुल पांच प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित कर दिए गए। बोर्ड ने मच्छरों को पनपने के जिम्मेदारों पर जुर्माना लगाने वाला प्रस्ताव अगले अधिवेशन के लिए टाल दिया गया। प्रश्नकाल में आए सुझावों पर जल मूल्य, पथ प्रकाश, निर्माण, सफाई और अतिक्रमणमुक्त जमीनों पर कब्जे के मुद्दों पर हुए संवाद में मेयर व नगर आयुक्त ने खुलकर जवाब देते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में अधिवेशन तय समय से आधा घंटे देरी से वंदेमातरम गान के साथ शुरू हुआ। पार्षद योगेश सिंघल ने सबसे पहले हैबिटेट सेंटर के बाहर वाले चौराहे को पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से करने का सुझाव रखा। पार्षद दीपक चौधरी व संजय पंडित ने शहर में दो पार्क



पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी व शहीदों के नाम करने का सुझाव रखा। तीनों सुझाव सदन ने ध्वनिमत से पारित किए और मेयर प्रशांत सिंघल को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।पार्षद कुलदीप पांडेय ने जल मूल्य के बिल संपत्तिकर के बिल में शामिल करने और पथ प्रकाश व्यवस्था के प्रश्न उठाए। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने दोनों विषयों पर चल रही कार्यवाही और लिए गए निर्णयों से अवगत कराया। पुष्पेंद्र सिंह जादौन ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाया और उनके क्षेत्र में हो रहे एक-एक कार्य का पूरा ब्योरा मांगा। साथ ही बेगपुर में जर्जर बरातघर की मरम्मत व बच्चों के लिए लाइब्रेरी खुलवाने की मांग रखी। इस दौरान क्रमवार सभी 100 में से लगभग 50 पार्षदों की ओर से प्रश्न व सुझाव रखे गए। इसके चलते लंच के बाद पांच बजे तक प्रश्नकाल चलता रहा और पार्षदों के सवालों का मेयर व नगर आयुक्त जवाब देते रहे। इस दौरान एक-दूसरे पर चुटकी लेने व बीचबीच में तीखी बहस का विषय भी उठा। सदन में आए सभी नामित पार्षदों को भी बोलने का अवसर दिया गया।



पार्षद दिनेश जादौन ने सवाल रखा कि 1176 बी यानी आपातकालीन स्थिति में बिना स्वीकृति कितने काम हुए हैं उनका ब्योरा दिया जाए। इन कामों से कार्यकारिणी या सदन को क्यों अवगत नहीं कराया गया। इस पर नगर आयुक्त ने चुटकी लेते हुए कहा कि उनका पेपर लीक हो गया है इसलिए वे पूरी तैयारी के साथ आए हैं। यह कहते ही उन्होंने नगर निगम अधिनियम कानून संबंधी किताब खोल ली। इस पर पार्षद अनिल सेंगर खड़े हुए और दिनेश जादौन के सवाल का समर्थन करते हुए कहा कि आप जवाब दीजिए। इस पर नगर आयुक्त जब जवाब देने लगे तो बीच में टोकने पर उनमें बहस हो गई। अंत में नगर आयुक्त ने कानून पढ़कर बताया और कहा कि उसी अधिकार से काम कराए हैं और आज सदन को उन कामों से अवगत कराया जा रहा है। लंबी बहस के बाद सदन ने इस मुद्दे को भी सहमति देकर समाप्त किया।पार्षद वीरेंद्र सिंह, कुलदीप पांडेय व हारुन अहमद की ओर से शहर में सुकमा कंपनी की ओर से की जा रही सफाई, मार्ग प्रकाश व्यवस्था व जलभराव पर सवाल उठाए गए। इस पर नगर आयुक्त ने कहा कि लगातार सुधार हो रहा है। सुकमा पूरी तरह सही काम नहीं कर रही।

## विकास कार्यों पर मंथन के बीच जलभराव के विरोध में प्रदर्शन



एक ओर कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में शनिवार को विकास कार्यों और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर मंथन चल रहा था, तो दूसरी ओर वार्ड-26 के हजारों लोग जलभराव और गंदगी की समस्या के विरोध में सड़क पर उतर आए। इन लोगों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया।स्थानीय लोगों के अनुसार पोखर पंप गली नंबर-पांच सहित आसपास के क्षेत्र की करीब 15 हजार की आबादी पिछले चार वर्षों से जलभराव और कीचड़ की समस्या झेल रही है शनिवार सुबह बड़ी संख्या में लोग मेयर प्रशांत सिंघल के आवास पहुंचे और समस्या से अवगत कराया।

## बेटे ने दोस्त के साथ मिलकर की पिता की हत्या, दोनों गिरफ्तार

थाना क्वार्सी क्षेत्र में पंजीपुर नाले के पास मिले एक शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया है। दूसरे निकाह और संपत्ति विवाद में बेटे रिहान ने अपने दोस्त समीर के साथ मिलकर पिता बादशाह अली (40) की हत्या की थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के मुताबिक 17 जुलाई की रात को थाना क्वार्सी क्षेत्र के गांव पंजीपुर में नाले के पास एक व्यक्ति का लहूलुहान शव मिला था। शव पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। शनिवार को मृतक की पहचान बादशाह अली निवासी नगला सरूआ, थाना चंडौस, अलीगढ़ के रूप में हुई। मृतक के पिता यासीन खां ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा 17 जुलाई को दीवानी कचहरी में तारीख पर गया था, उसके बाद घर नहीं लौटा। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की।थाना क्वार्सी पुलिस ने जब घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो शक की सुई मृतक के परिवार पर ही घूमी। पुलिस ने घेराबंदी कर मृतक के बेटे रिहान और उसके दोस्त समीर निवासी जलालपुर, थाना रोरावर



## Aligarh News: ब्रेकडाउन और फाल्ट से कई इलाकों में गुल रही बिजली



भीषण गर्मी के बीच शहर के कई इलाकों में बृहस्पतिवार रात बिजली व्यवस्था चरमरा गई। 33 केवी लाइन में ब्रेकडाउन, ट्रांसफॉर्मर में खराबी, फाल्ट और बार-बार ट्रिपिंग के कारण हजारों उपभोक्ताओं को रातभर और शुक्रवार दिनभर परेशानी झेलनी पड़ी। सबसे अधिक असर जमालपुर उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में रहा। देर रात 33 केवी ब्रेकडाउन के चलते जमालपुर, धौर्रा माफी, जीवनगढ़, फिरदौस नगर कॉम्प्लेक्स और हादी नगर समेत कई इलाकों की बिजली घंटों गुल रही। किला बिजलीघर से जुड़े शहंशाहबाद, किला रोड और पटवारी नगला क्षेत्र में भी रातभर आपूर्ति बाधित रही। रसलगंज में नाले के पास ट्रांसफॉर्मर में ब्लास्ट होने और तारों में आग लगने से रसलगंज, सराय रहमान और नई आबादी की बिजली लंबे समय तक ठप रही। वहीं, सुदामापुरी फीडर की केबल क्षतिग्रस्त होने से हाथरस अड्डा क्षेत्र की आपूर्ति प्रभावित हुई। महेंद्र नगर, पला रोड, जयगंज, प्रकाश नगर, गंभीरपुरा, उदय विहार, रघुवीरपुरी, शिवपुरी, संत नगर, कृष्णा विहार, मानसरोवर कॉलोनी और बारहद्वारी समेत कई क्षेत्रों में भी बार-बार बिजली गुल होने, लो-वोल्टेज और एक फेज गायब रहने की शिकायतें मिलीं।

## 119 करोड़ से पक्का करके अंडरग्राउंड होगा क्वार्सी बाईपास नाला

**Aligarh News: 119 करोड़ से पक्का करके अंडरग्राउंड होगा क्वार्सी बाईपास नाला, सीएम योगी ने मांगा प्रस्ताव**

यह नाला पुराना रजबहा है। इस पर अतिक्रमण के चलते काफी पहले से रजबहा को साफ करने की मांग भी उठती रही है। पूर्व में कई बार भाजपा के ही युवा नेता डॉ. निशित शर्मा द्वारा इसकी सफाई की मांग उठाई जाती रही है।क्वार्सी चौराहे से एटा चुंगी तक का नाला 119 करोड़ के बजट से पक्का करके अंडरग्राउंड किया जाएगा। इसके बाद इसके सहारे की सड़क को सीएम ग्रिड से बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए प्रस्ताव मांगा है। नगर निगम ने यह प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। नगर विकास विभाग से स्वीकृति के बाद शासन में बजट स्वीकृति के लिए पहुंच गया है। जल्द बजट मिलने के संकेत हैं। उम्मीद है कि इस साल के अंत तक निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। क्वार्सी बाईपास के इस नाले को अंडरग्राउंड करके पक्का बनवाने की मांग लंबे समय से चली आ रही है। कोल क्षेत्र के विधायक अनिल पाराशर स्तर से भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पिछले दिनों खुद मुख्यमंत्री योगी ने यह प्रस्ताव नगर निगम से मांगा। अपर मुख्य सचिव ने नगर निगम अधिकारियों से वार्ता



कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर निगम ने यह प्रस्ताव नगर विकास विभाग के जरिये शासन में भेजा है। नगर विकास विभाग ने भी इस प्रस्ताव को स्वीकृति देकर बजट जारी करने के संबंध में शासन को भेज दिया है।इस संबंध में नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि पिछले दिनों वे खुद मेयर प्रशांत सिंघल संग मुख्यमंत्री से मिले थे। उसी समय उनकी ओर से इस नाले व सड़क का जिक्र किया गया। इसके बाद अपर मुख्य सचिव की ओर से प्रस्ताव मांगा गया। प्रस्ताव नगर विकास विभाग ने स्वीकृति के बाद शासन में बजट स्वीकृति के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही हमारे स्तर से इस सड़क को सीएम ग्रिड से बनवाने का प्रस्ताव बनाया जा रहा है। यह सड़क भी चौड़ीकरण के साथ सीएम ग्रिड से बनाई जाएगी। फिर धनीपुर एयरपोर्ट के रास्ते जीटी रोड से क्वार्सी स्थित कमिश्नरी, सर्किट हाउस तक का रास्ता चौड़ा व सुंदर हो जाएगा।

## ट्रैक्टर ट्रॉला की टक्कर से बाइक सवार की मौत

कस्बा स्थित सीएचसी में नवजात भतीजे और भाभी से मिलकर गांव लौट रहे युवक की शुक्रवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे के बाद घर में खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। घटना से गांव भूतपुरा में भी शोक व्याप्त है।भूतपुरा निवासी अनिल कुमार की गर्भवती पत्नी कीर्ति देवी कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती थीं। यहां पर शुक्रवार की रात करीब 10 बजे उन्होंने बेटे को जन्म दिया। अस्पताल से लेकर घर तक खुशियों का माहौल था। ये खुशियां घंटे भर में ही मातम में बदल गईं।अस्पताल में मौजूद अनिल का छोटा भाई अशोक (25) रात 11 बजे घर जाने के लिए बाइक से निकला। जैसे ही वह बरौठा नहर पुल के निकट पहुंचा, तभी ट्रैक्टर ट्रॉला ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसको अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।शनिवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के पिता कल्याण सिंह, मां लज्जा देवी, पत्नी सुमन का रो-रोकर बुरा हाल है। अशोक की साल भर पहले ही शादी हुई थी, जिससे दो माह की एक बेटी है। एसएचओ हरिभान सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।



## रणताल गए तीन युवकों ने लगाया अपहरण का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

गांव बौल्ला में दो दोस्तों के साथ तरणताल गए युवक ने फिरौती के लिए अपहरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला शुक्रवार रात का है।थाना खैर के गांव अर्राना निवासी हनी शर्मा ने बताया कि थाना गोंडा के गांव बौल्ला स्थित तरणताल में नहाने की योजना बनाते हुए उसने गांव बौल्ला निवासी राहुल को शुक्रवार शाम आठ बजे फोन किया। पूछा कि तरणताल में पानी साफ हो तो वह अपने दोस्तों के साथ नहाने आ जाए। राहुल द्वारा हामी भरने पर वह अपने दोस्त रवि और ललित के साथ वहां पहुंच गया।नहाने के बाद हनी ने आरोप लगाया कि राहुल को जानकारी मिल गई कि हम तीनों संपन्न परिवार से हैं। राहुल ने षड्यंत्र कर अपने भाई कपिल उर्फ धप्पू व दोस्त कान्हा के साथ मिलकर तीनों को हथियार के बल पर धमकाते हुए कहा कि घर से रुपये मंगवा दो नहीं तो जान से मारे जाओगे। आरोपियों ने उनका फोन छीन लिया तथा उन्हें कमरे में बंद कर दिया।उनके पास दो फोन थे, जिसमें से एक फोन उसके पास रह गया। इसी फोन से ललित ने अपने पिता को सूचना दे दी। थोड़ी देर में पुलिस पहुंच गई तथा उन्हें कमरे से बाहर निकाला। मामले में थाना प्रभारी मोनू कुमार आर्य ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है , पुलिस मामले की गहराई से जांच में जुटी है।



## Aligarh News: नाइट निंजाज ने जीता यूपीएल-5 का खिताब

ईडन पार्क, मडराक में शुक्रवार रात खेले गए उदय प्रीमियर लीग (यूपीएल-5) के डे नाइट फाइनल में उदय नाइट निंजाज ने उदय एनआरआई धुरंधर को 41 रन से हराकर पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विमल वार्ष्णेय को प्लेयर ऑफ द मैच और आयुष गुप्ता को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नाइट निंजाज की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। गौरव रॉक ने 20 गेंदों में 42 रन की पारी खेलते हुए टीम को तेज शुरुआत दिलाई। इसके बाद रजत ने 27 रन बनाए। अंतिम ओवरों में शौर्य वार्ष्णेय ने नाबाद 39 रन बनाकर टीम का स्कोर निर्धारित 14 ओवर में छह विकेट पर 156 रन तक पहुंचा दिया।157 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उदय एनआरआई धुरंधर की ओर से शौर्य नंदन ने 43 रन और मिलन वार्ष्णेय ने 35 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरने के कारण टीम 14 ओवर में सात विकेट पर 115 रन ही बना सकी। नाइट निंजाज की जीत में गेंदबाजों ने भी अहम भूमिका निभाई। आखिरी ओवर में विमल कुमार ने बिना



कोई रन दिए तीन विकेट लेकर मुकाबले का रुख पूरी तरह अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। रजत ने दो विकेट हासिल किए।विमल वार्ष्णेय को प्लेयर ऑफ द मैच, शौर्य नंदन को इलेक्ट्रिक प्लेयर ऑफ द मैच, आयुष गुप्ता को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, शौर्य नंदन को ऑरेंज कैप और रजत गुप्ता को पर्पल कैप प्रदान की गई। बरौली विधायक जयवीर सिंह, कोल विधायक अनिल पाराशर, महानगर अध्यक्ष राजीव

## अतुल हत्याकांड में नया खुलासा: करैत को दो दिन रखा भूखा, फिर डसवाया; दामिनी और तुषार ने गूगल पर किया था सर्च

**Atul Meerut Murder Case:** मेरठ में एक और पति की हत्या का मामला सामने आया है। निजी संचालक अतुल को पत्नी और उसके प्रेमी ने साइलेंट किलर करैत सांप से डसवाया था। आरोपियों ने करैत को दो दिन भूखा रखा था। आरोपी सोनू और उदय ने सपेरे से करैत को प्रेमी तुषार को बृहस्पतिवार रात को लाकर दिया था।मेरठ के हस्तिनापुर में निजी स्कूल संचालक अतुल कुमार पंवार की हत्या में बड़ा खुलासा हुआ है। अतुल को उसकी पत्नी दामिनी ने कॉमन करैत सांप से डसवाया था। पैनल का गठन कर सांप का पोस्टमार्टम कराया गया। इसकी रिपोर्ट में पता चला है कि सांप को दो दिन भूखा रखा गया था और उस पर तीन बार हमला कर उसे मारा गया। यह सांप सोनू और उदय ने तुषार द्वारा दिए गए 15 हजार रुपये में से किसी सपेरे से खरीदा था। यह सांप विश्व के सबसे विषैलों सांपों में शामिल है और साइलेंट किलर के नाम से जाना जाता है। सीएचसी प्रभारी डॉ. अमित त्यागी ने बताया कि करैत सांप के विष में शक्तिशाली न्यूरोटॉक्सिन होते हैं। इसके डसने पर न तो सूजन आती है और न ही असहनीय दर्द। पीड़ित को लगता है कि उसे किसी मामूली कीड़े ने काटा है या खरोंच लगी है। इस गफलत में इलाज मिलने में देरी हो जाती है। जहर सीधे तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) पर हमला करता है।इससे मांसपेशियां लकवाग्रस्त होने लगती हैं। धीरे-धीरे पीड़ित को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है और श्वसन तंत्र फेल होने से उसकी जान चली जाती है। यदि एक घंटे के भीतर उपचार न मिले तो बचना लगभग नामुमकिन है। आसपास के लोगों का कहना है कि पहले आर्थिक तंगी झेलने वाला तुषार अचानक सोने की अंगूठियां और चेन पहनने लगा था।

### साइलेंट किलर करैत से डसवाया

करैत को दो दिन भूखा रखकर पति को डसवाया | सोनू-उदय ने गुरुवार रात को लाकर तुषार को दिया



### रात में शिकार की तलाश करता है

यह सांप निशाचर माना जाता है और रात में अधिक सक्रिय होता है। चमकदार काले या गहरे नीले रंग का यह सांप रात के अंधेरे में घरों के भीतर घुस आता है। रात होने पर यह अंधेरे कोनों में घुसकर शिकार पर हमला करता है। विशेषकर जमीन पर सोने वालों पर यह अधिक हमला करता है।पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी तुषार और दामिनी ने इस सांप को गूगल पर सर्च करने के बाद इसकी तलाश शुरू की थी। उदय और सोनू ने पैसों के लालच में इस दुर्लभ और खतरनाक सांप को किसी सपेरे से खरीदा था। आरोपियों ने कबूल किया है कि वे कई दिनों से इस सांप की तलाश में थे।यह सांप वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित प्रजाति में शामिल है। इसे पकड़ना, खरीदना-बेचना, अवैध रूप से व्यापार करना या बिना अनुमति इसके साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ करना कानूनन अपराध है। इस मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा बढ़वाकर कार्रवाई की जाएगी। - खुशबू उपाध्याय, वन क्षेत्राधिकारी हस्तिनापुरपुलिस जांच में सामने आया कि तुषार ने नींद की गोलियां मेडिकल स्टोर से खरीदीं और सांप सपेरे से खरीदा गया। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस को इनके संबंध में जानकारी मिली है।

## सांप से डसवाकर पति का कत्ल: पोस्टमार्टम न कराने की जिद पर अड़ी थी दामिनी, मौत के बाद प्रेमी संग किया था ये काम



मेरठ में एक महिला ने प्रेमी संग सांप से डसवारकर पति का कत्ल कर दिया। हत्या के बाद आरोपी पत्नी अपने पति के शव का पोस्टमार्टम न कराने की जिद पर अड़ गई। वो ड्रामा करती रही। अस्पताल में दिखाने के बाद शव को झाड़-फूंक के लिए भी लेकर गए थे। फिर उसने परिवार के सामने कहा कि अतुल कहते थे मेरे शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना।मेरठ के हस्तिनापुर में स्कूल संचालक अतुल पंवार की हत्या के बाद उनकी पत्नी दामिनी भड़ाना और उसके प्रेमी तुषार ने पुलिस और परिजनों को गुमराह करने के लिए ड्रामा रचा। शनिवार को पुलिस ने पत्नी दामिनी, प्रेमी तुषार और सांप उपलब्ध कराने वाले उदय व सोनू को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। हत्या के तुरंत बाद आरोपी स्कूल संचालक अतुल को अस्पताल ले गए और बाद में झाड़-फूंक के बहाने उसे दूर ले गए ताकि पोस्टमार्टम से बचा जा सके। सीओ पंकज लवानिया ने बताया कि बृहस्पतिवार रात को नींद की गोलियां खिलाकर और सांप से डसवाकर अतुल की हत्या कर दी गई थी। शुक्रवार सुबह सात बजे दामिनी ने तुषार को दोबारा फोन कर बुलाया। तुषार स्कूल वैन लेकर उनके घर पहुंचा। इसके बाद दामिनी ने हत्या को सर्पदंश का हादसा बताते हुए शोर मचाया। वे दिखावे के लिए अतुल के शव को स्कूल वैन में लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने बताया कि जब तुषार को लगा कि पुलिस और परिजनों को उन पर शक हो रहा है तो उसने झाड़-फूंक का नाटक शुरू किया। इस बहाने वे शव को चेतावला गांव ले गए, जहां झाड़-फूंक करने वाले ने भी उसे मृत ही बताया।




इसके बाद परिजन शव को पैतृक गांव भंडोरा ले गए जहां उन्होंने अंतिम संस्कार करने से साफ मना कर दिया और पुलिस से पोस्टमार्टम की मांग की। जब पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने को कहा तो दामिनी चिल्लाने लगी और विरोध किया। उसने पुलिस और परिजनों से कहा कि अतुल जीवित रहते हुए अक्सर कहते थे कि मरने के बाद उनका पोस्टमार्टम न कराया जाए। पत्नी की इस अजीबोगरीब दलील पर मृतक के पिता अजब सिंह और भाई (नोएडा पुलिस के हेड कांस्टेबल) कुलदीप ने सवाल खड़े किए कि क्या अतुल को पहले से पता था कि उनकी हत्या होने वाली है।

## UP Election: यूपी चुनाव में आधे से कम सीटों पर कांग्रेस नहीं करेगी समझौता, संगठन सचिव ने बताया प्लान




यूपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सपा से गठबंधन होने की दशा में आधी से ज्यादा सीटों पर लड़ने की योजना बना रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने कार्यकर्ताओं के साथ प्लान साझा किया।कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। अगर किसी कारण समझौता करना पड़ा तो आधे से कम पर कांग्रेस पार्टी समझौता नहीं करेगी। वह शनिवार को कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे।भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस भगवान राम में आस्था रखती है। भाजपा राम का व्यापार कर सत्ता में बनी रहना चाहती है। पटेल ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे 2027 के विधानसभा चुनाव में विजय प्राप्त की जा सकती है

पटेल ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व संगठन सृजन अभियान को लेकर बेहद गंभीर है। अगली बार की बैठक जनपद के किसी ब्लॉक में आयोजित होगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने संगठन की मजबूती को कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत बताया।यूपी विधानसभा चुनाव से पहले सपा और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर दबाव की राजनीति तेज होती दिख रही है। दोनों दल सार्वजनिक बयानों के जरिये अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने और बातचीत में बेहतर स्थिति बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस गठबंधन में सम्मानजनक और बराबरी की हिस्सेदारी की बात कर रही है, जबकि सपा का जोर इस बात पर है कि सीटों का बंटवारा जीतने की क्षमता के आधार पर होना चाहिए।यूपी में विधानसभा चुनाव में अब छह-सात महीने का समय बचा है। कांग्रेस इस बार गठबंधन में 150 से अधिक सीटों पर दावा जता रही है। वहीं, सपा नेतृत्व सीटों की संख्या बताने से बचते हुए कह रहा है कि गठबंधन का आधार केवल वही सीटें होनी चाहिए, जहां जीत की संभावना हो। कांग्रेस यह संदेश भी दे रही है कि उसके साथ गठबंधन होने पर ही विपक्षी वोटों का पूरा लाभमिल सकता है। इसी रणनीति के तहत कांग्रेस बसपा के साथ संभावित गठबंधन के संकेत भी देती रही है। हालांकि, बसपा ने ऐसे किसी संकेत को कभी महत्व नहीं दिया।




## UP News: पंजीयन न डिग्री... आंखों का डॉक्टर बन कर रहे इलाज, विजन ठीक होने पर भी पहना दे रहे चश्मा



उत्तर प्रदेश के शहरों में तमाम चश्माघरों में न तो आप्टोमेट्रिस्ट हैं और न ही उनके पंजीयन की व्यवस्था है। जिसे कोई काम नहीं मिला वो चश्माघर खोलकर आंखों की जांच में जुटा है। ऐसे लोग आंखों का विजन ठीक होने के बाद भी चश्मा पहना दे रहे हैं। जितनी जगह जांच कराइए, उतनी तरह की रिपोर्ट मिल रही है। चश्माघरों की हकीकत जानने के लिए राजधानी लखनऊ में पड़ताल की गई तो हालात चौंकाने वाले मिले।

कैसरबाग चौराहे पर चश्माघर में प्रवेश करते ही काउंटर पर खड़ा व्यक्ति स्वागत करता है और सस्ता चश्मा बनाने का वादा। पहले से चश्मा प्रयोग करने और मशीन पर जांच कराने की बात कहने पर वह मशीन तक ले जाता है। मशीन पर मौजूद युवक से जब पूछा गया कि उसने ऑप्टोमेट्री की पढ़ाई कहाँ से की है तो वह खिसक लेता है। दूसरा युवक आया और खुद को एक निजी कॉलेज से डिप्लोमाधारी बताते हुए जांच की। दाहिनी आंख में सिलेंडर माइनस 0.50 बताया। बाई का 0.25 नंबर बताया।पत्रकारपुरम में चश्माघर में आंख की जांच कराने के बाद वहां मौजूद व्यक्ति फ्रेम दिखाना शुरू करता है। जैसे ही कहा कि अभी चश्मा नहीं बनवाना है तो वह 100 रुपये की रसीद पकड़ा देता है। बोलता है कि यह जांच कराने की फीस है। उसकी डिग्री के बारे में पूछा तो बताया है कि 25 साल का अनुभव है। डिग्रीवाले उसके सामने फेल हैं। जांच के बाद दाहिनी आंख का सिलेंडर 1.00 बताया।नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नयानी अमरीन का कहना है कि यदि आपको चश्मे की जरूरत नहीं है फिर भी बढ़े हुए नंबर का चश्मा पहन रहे हैं तो फोकसिंग मसल्स पर दबाव पड़ता है। हाई पॉवर से रेटिना पर असर पड़ता है। इससे आंखों की क्षमता घट जाती है। जब तक डॉक्टर न बताए तब तक नंबर वाले चश्मे नहीं पहनना चाहिए।

## UP : इलाहाबाद हाईकोर्ट की सख्ती - जघन्य मामलों में नामजद अधिवक्ता नहीं कर सकेंगे वकालत

**Allahabad High Court :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि जघन्य अपराधों में नामजद अधिवक्ता वकालत नहीं कर सकेंगे। कोर्ट ने इस संबंध में महानिबंधक को इस संबंध में अधिसूचना जारी करने का भी निर्देश दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सात साल से ज्यादा की सजा वाले जघन्य मामलों में नामजद वकील वकालत नहीं कर सकेंगे। बेगुनाह साबित होने से पहले वे किसी कोर्ट में न पेश होंगे न ही बहस करेंगे। उनका ट्रायल भी उनके गृह जनपद से सौ किलोमीटर दूर दूसरे जिले में होगा।प्रदेश के दागी वकीलों पर सख्त टिप्पणी करते हुए न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने कहा कि जब सत्ता और अधिकार रखने वाले लोग अन्याय के सामने मूकदर्शक रहते हैं तो उसका दुष्परिणाम केवल अपराधी तक सीमित नहीं रहता बल्कि निर्दोष लोगों और आने वाली पीढ़ियों को भी कीमत चुकानी पड़ती है। कोर्ट ने कहा है कि ऐसे तत्वों की मौजूदगी न केवल न्यायिक प्रक्रिया को कमजोर कर रही है बल्कि यह एक गंभीर संस्थागत और नैतिक संकट भी उत्पन्न कर रही है।

### काउंसिल की कार्यप्रणाली पर भी उठाए सवाल

कोर्ट ने यूपी बार काउंसिल की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। कहा कि बार काउंसिल में पंजीकरण की अपनाई जाने वाली सत्यापन प्रक्रिया काफी कमजोर है। वह केवल स्व-घोषणा और अधिवक्ता साथियों के प्रमाण पर निर्भर है। नामांकन के समय न तो चरित्र सत्यापन होता है और न ही डिग्री का विश्वविद्यालयों से स्वतंत्र सत्यापन किया जाता है। कोर्ट ने यूपी बार काउंसिल की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। कहा कि बार काउंसिल में पंजीकरण की अपनाई जाने वाली सत्यापन प्रक्रिया काफी कमजोर है। वह केवल स्व-घोषणा और अधिवक्ता साथियों के प्रमाण पर निर्भर है। नामांकन के समय न तो चरित्र सत्यापन होता है और न ही डिग्री का विश्वविद्यालयों से स्वतंत्र सत्यापन किया जाता है।कोर्ट ने महानिबंधक को 30 दिन में वकीलों के लंबित मुकदमे पड़ोसी जिले में स्थानांतरित करने की योजना अधिसूचना के जरिये जारी करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था अगले पांच वर्षों के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की गई है। इन मामलों की सुनवाई के लिए जिला जज के अधीन विशेष अदालतें होंगी। इन मामलों की निगरानी संबंधित जिला जज करेंगे।वकील अदालतों के अधिकारी होते हैं। हाल के वर्षों में देखा गया है कि कुछ वकील आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं।





इटावा के एक वकील की याचिका पर 61 पेज के अपने फैसले में कोर्ट ने यूपी बार काउंसिल के सचिव को फर्जी डिग्रीधारी 105 वकीलों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की एफआईआर कराने व उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का आदेश दिया है। साथ ही सुझाव दिया कि अधिवक्ता पंजीकरण के लिए पुलिस वेरिफिकेशन को अनिवार्य किया जाए। बार काउंसिल व विश्वविद्यालयों के बीच डिजिटल लिंक स्थापित हो ताकि डिग्रियों का रियल-टाइम सत्यापन संभव हो सके। कोर्ट ने दिए गए निर्देशों की अनुपालन आख्या तलब करते हुए मामले को 20 अगस्त को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।कोर्ट ने पाया कि बार काउंसिल की ओर से पेश रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश भर में 4,157 अधिवक्ता दागी है। कोर्ट ने कहा कि 105 की फर्जीवाड़े की रिपोर्ट ने न्यायिक जगत को हिला कर रख दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, पूरे उत्तर प्रदेश में 4,157 अधिवक्ता आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं, जिनमें कुल 5,056 मामले दर्ज हैं। इनमें से 418 अधिवक्ता ऐसे हैं, जिन पर तीन या उससे अधिक मामले चल रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि चिंताजनक बात यह है कि 28 अधिवक्ता तो ऐसे हैं, जिनके खिलाफ 11 या उससे अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा, एक सत्यापन प्रक्रिया में 105 ऐसे अधिवक्ताओं की पहचान हुई है जिन्होंने फर्जी शैक्षणिक डिग्री (एलएलबी, स्नातक आदि) के आधार पर पंजीकरण हासिल कर लिया है। हालांकि, कोर्ट ने इन आंकड़ों को सतही करार दिया। कहा कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है।



# CG Crime News: एक ही घर में मिली पांच लोगों की लाश, सामूहिक आत्महत्या या कुछ और? मौके पर भारी पुलिस बल तैनात



Raipur Crime News: छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां के संजय नगर स्थित मस्जिद के पास एक घर में पांच लोगों की संदिग्ध हालत में लाश मिली है। Raipur Crime News: छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां के संजय नगर स्थित मस्जिद के पास एक घर में पांच लोगों की संदिग्ध हालत में लाश मिली है। एक ही घर में पांच लोगों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर भारी संख्या में घर के सामने पुलिस बल तैनात है। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है। मामला टिकरापारा थाने क्षेत्र का है। फिलहाल, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**आत्महत्या की आशंका**

चर्चा है कि एक ही परिवार के पांच लोगों ने सामूहिक रूप से जहर खाकर मौत को गले लगा लिया। फिलहाल, पुलिस सभी बिंदुओं पर गहराई से छानबीन कर रही है। मौके पर पुलिस और आम लोगों की भारी भीड़ मौजूद है। एक ही मकान में पांच लोगों की लाश मिलने की सूचना जैसे ही इलाके में आग की तरह फैली , मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर टिकरापारा थाना पुलिस पहुंची। पूरे घर को सील कर मामले की जांच कर रहा है। हत्या और सामूहिक आत्महत्या सभी एंगल से पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना की जांच करने के लिये फोरेंसिक एक्सपर्ट्स (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया है। एफएसएल की टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच के मुताबिक, मृतकों में साजिद अली (50 वर्ष) का शव फंदे से लटका मिला है। वहीं उसकी पत्नी राबिया, पुत्र इरशाद अली (19 वर्ष), पुत्री शाहिदा (17 वर्ष) और इरशाबा बेगम (16 वर्ष) का शव एक कमरे में मिला। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि उक्त चार लोगों ने जहर खाकर जान दी होगी। फिलहाल, आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।



**मतपुर का रहने वाला था परिवार**

इस बात की आशंका जताई जा रही है कि परिवार के मुखिया साजिद अली ने पहले सभी चार लोगों को जहर देकर मौत की नींद सुला दी। फिर खुद फांसी लगाकर जान दे दी। यह परिवार करीब आठ महीने पहले ही सैयद जहीर के मकान में किराये पर रह रहा था। वहीं पड़ोसियों के मुताबिक, कल शाम से घर का दरवाजा नहीं खुला था। जब लोगों को शक हुआ, तो वहां जाकर देखा तो घर के एक कमरे में पांच लोगों की लाश पड़ी थी। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। यह परिवार शीतला मंदिर के पास मतपुर का निवासी था।

**कर्ज के चलते होता था विवाद**

साजिद अली मौदहापारा में बैटरी रिपेयरिंग का काम करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, परिवार पर कुछ लोन था, जिसकी वसूली के लिए रिकवरी कर्मचारी अक्सर घर पर आया करते थे। ऐसे में आर्थिक तंगी के कारण पति-पत्नी में विवाद होते रहता था।

## भारत के पहले निजी रॉकेट विक्रम-1 की उड़ान आज: प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई, कहा- अंतरिक्ष यात्रा का नया अध्याय



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के पहले निजी तौर पर विकसित कक्षीय प्रक्षेपण यान विक्रम-1 की पहली उड़ान को देश की अंतरिक्ष यात्रा का ऐतिहासिक अध्याय बताया। उन्होंने स्काईरूट एयरोस्पेस को शुभकामनाएं दीं। वहीं, इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने इसे भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत के पहले निजी तौर पर विकसित प्रक्षेपण यान विक्रम-1 के पहले कक्षीय प्रक्षेपण की सराहना की। उन्होंने इसे देश की अंतरिक्ष यात्रा में एक 'ऐतिहासिक नई सीमा' और भारत के युवाओं की प्रतिभा और उद्यमशीलता की भावना का प्रतिबिंब बताया।

**प्रधानमंत्री मोदी ने क्या कहा?**

प्रक्षेपण से पहले एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा 'भारत की अंतरिक्ष यात्रा के लिए एक ऐतिहासिक नया अध्याय! आज सुबह 11:30 बजे, स्काईरूट एयरोस्पेस भारत के पहले निजी तौर पर विकसित प्रक्षेपण यान विक्रम-1 का पहला कक्षीय प्रक्षेपण करेगी। यह चार चरणों वाला रॉकेट त्वरित और मांग के अनुसार प्रक्षेपण सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह मिशन हमारे युवाओं की प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और उद्यमशीलता की भावना को दर्शाता है।

**नवाचार और उद्यम के लिए नए अवसर**

**उन्होंने आगे कहा कि यह यह भी दिखाता है कि कैसे हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र के सुधार नवाचार और उद्यम के लिए नए अवसर खोल रहे हैं। सफल प्रक्षेपण के लिए स्काईरूट एयरोस्पेस की पूरी टीम को मेरी शुभकामनाएं। विक्रम-1 ऊंचाइयों को छुए, इतिहास रचे और नवप्रवर्तकों की एक पीढ़ी को प्रेरित करे। मैं सभी भारतीयों, विशेष रूप से अपने युवा मित्रों से आग्रह करता हूं कि वे इस ऐतिहासिक मिशन का अनुसरण करें और #India With Vikram1 का उपयोग करके स्काईरूट टीम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दें। इसके साथ ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ ने भी स्काईरूट एयरोस्पेस टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं और इस मिशन को भारत के बढ़ते निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।**

**इसरो के पूर्व अध्यक्ष ने क्या कहा?**

इसरो के पूर्व अध्यक्ष ने लिखा 'आज विक्रम-1 कक्षीय रॉकेट के साथ मिशन आगमन के परीक्षण प्रक्षेपण पर स्काईरूट एयरोस्पेस टीम को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। यह किसी रॉकेट की पहली कक्षीय उड़ान से कहीं अधिक है। यह भारत की निजी रॉकेट निर्माण क्षमता के आगमन का प्रतीक है और हमारे अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र के उल्लेखनीय परिवर्तन को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के पहले निजी तौर पर विकसित कक्षीय प्रक्षेपण यान विक्रम-1 की पहली उड़ान को देश की अंतरिक्ष यात्रा का ऐतिहासिक अध्याय बताया। उन्होंने स्काईरूट एयरोस्पेस को शुभकामनाएं दीं। वहीं, इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने इसे भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

## पुरी रथ यात्रा में टूटी सदियों पुरानी परंपरा?: बिना 'ताहिया' के रथ पर पहुंचे भगवान जगन्नाथ, मचा सियासी बवाल



पुरी रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ को पारंपरिक पुष्प मुकुट 'ताहिया' के बिना रथ तक ले जाने पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। मंदिर प्रशासन और सेवायतों ने बारिश तथा सुरक्षा कारणों का हवाला दिया, जबकि बीजेडी और कांग्रेस ने इसे सदियों पुरानी परंपरा से छेड़छाड़ बताते हुए भाजपा सरकार से माफी की मांग की और ओड़िया अस्मिता पर आघात करार दिया। ओडिशा के पुरी में आयोजित विश्वप्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ की 'पाहंडी' (मंदिर से रथ तक ले जाने की पारंपरिक शोभायात्रा) में सदियों पुरानी परंपरा से अलग एक घटना ने विवाद खड़ा कर दिया। इस बार भगवान जगन्नाथ को पारंपरिक पुष्प मुकुट 'ताहिया' के बिना ही मंदिर से बाहर लाकर रथ तक पहुंचाया गया। इस घटना को लेकर बीजू जनता दल (बीजेडी) और कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है और इसे करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा मामला बताया है।बारिश बनी वजह या परंपरा से समझौता?यह घटना गुरुवार को उस समय हुई, जब 12वीं शताब्दी के श्रीजगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ को 'ताहिया' के बिना बाहर लाया गया। 'ताहिया' फूलों से बना पारंपरिक मुकुट होता है, जो भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की पाहंडी यात्रा की विशेष पहचान माना जाता है। हालांकि, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा अपने-अपने ताहिया के साथ ही रथ तक पहुंचे।

मंदिर प्रशासन ने क्या सफाई दी?श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) का कहना है कि भगवान जगन्नाथ का ताहिया तेज बारिश के कारण भीगकर काफी भारी हो गया था। इसलिए मंदिर की 'बैसी पहाचा' (22 सीढ़ियों) पर ही सेवायतों ने उसे हटा दिया, ताकि भगवान की रथ यात्रा में किसी तरह की देरी न हो।फिर मंदिर प्रशासन ने अपना रुख क्यों बदला?

विवाद बढ़ने और मामला राजनीतिक रंग लेने के बाद एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ़ी ने कहा कि ताहिया पहनाना या हटाना पूरी तरह सेवायतों का निर्णय होता है। मंदिर प्रशासन केवल पूरी व्यवस्था की निगरानी करता है और इस मामले में उसने कोई निर्देश जारी नहीं किया था। उन्होंने बताया कि कई सेवायतों का मानना है कि ताहिया के बिना पाहंडी निकालने से धार्मिक परंपरा या उसकी पवित्रता पर कोई असर नहीं पड़ता।विपक्ष ने सफाई को क्यों नकार दिया? बीजेडी और कांग्रेस ने मंदिर प्रशासन की दलील को पूरी तरह खारिज कर दिया। उनका कहना है कि रथ यात्रा हर वर्ष बारिश के मौसम में ही होती है और अतीत में कभी भी भगवान जगन्नाथ को बिना ताहिया के बाहर नहीं लाया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि भगवान जगन्नाथ का बिना ताहिया के श्रद्धालुओं के सामने आना करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है।

**बीजेडी ने सरकार से माफी क्यों मांगी?**

बीजेडी की वरिष्ठ नेता और विधानसभा में विपक्ष की मुख्य सचेतक प्रमिला मलिक ने कहा कि भगवान जगन्नाथ ओडिशा की अस्मिता और करोड़ों ओड़िया लोगों की आस्था के केंद्र हैं। उन्हें बिना ताहिया के नंदीघोष रथ तक ले जाना गंभीर चूक है और राज्य सरकार को इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह और भी गंभीर इसलिए है क्योंकि उस समय मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्य के मंत्री, मुख्य सचिव, डीजीपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद थे।

बीजेडी ने और कौन से आरोप लगाए?

प्रमिला मलिक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने एक और परंपरा को भी तोड़ा। उनके अनुसार, इस बार रथों को सूर्यास्त के बाद भी खींचा गया, जो पारंपरिक व्यवस्था के विपरीत है। उन्होंने इसे ओडिशा की संस्कृति और पहचान पर आघात बताया।

कांग्रेस ने भाजपा पर क्या हमला बोला?

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले 'ओड़िया अस्मिता' की रक्षा का वादा किया था, लेकिन अब वही सरकार धार्मिक संस्थाओं की पवित्रता बनाए रखने में विफल साबित हो रही है।

सरकार ने क्या कहा?

राज्य सरकार ने गुरुवार को कहा कि खराब मौसम और देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद रथ यात्रा का आयोजन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सेवायतों ने ताहिया हटाने का क्या कारण बताया?

दैतापति निजोग के सचिव रामकृष्ण दासमहापात्र देरी होती।

## 'ट्रंप के हस्ताक्षर की कोई कीमत नहीं'

### 'ट्रंप के हस्ताक्षर की कोई कीमत नहीं': शांति समझौता टूटने पर भड़के मोजतबा खामेनेई, दे डाली ये धमकी



ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई का कहना है कि शांति समझौते को तोड़कर अमेरिका ने यह साबित कर दिया है कि राष्ट्रपति ट्रंप के हस्ताक्षर की कोई कीमत नहीं है। इस बीच, ईरान ने भी समझौते के नियमों को मानना बंद कर दिया है और वह अमेरिकी हमलों का करारा जवाब दे रहा है।ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हाल ही में हुए शांति समझौते (MoU) का उल्लंघन किया है। इससे एक बार फिर साबित हो गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर की कोई कीमत नहीं है। यह पूरी तरह से बेकार और अमान्य हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, खामेनेई ने देश की जनता के नाम भेजे एक संदेश में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने समझौते को तोड़कर अपना असली और बेनकाब चेहरा दिखा दिया है। यह अमेरिका के झूठ, अतार्किक, अविश्वसनीय और बुरे स्वभाव का एक और ठोस सबूत है।इसके साथ ही खामेनेई ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने युद्ध भड़काने की कोशिशें जारी रखीं, तो उसे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिकी हमले जारी रहे, तो ईरान और उसका 'प्रतिरोध मोर्चा' (रेसिस्टेंस फ्रंट) अमेरिका को ऐसा सबक सिखाएगा जिसे वह कभी नहीं भूल पाएगा। यह तनाव उस शांति समझौते के बावजूद बढ़ा है, जिसके तहत दोनों देशों को 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते के लिए बातचीत करनी थी। इस समझौते पर 18 जून को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हस्ताक्षर किए थे।ईरान के कानूनी और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने शनिवार को एक बड़ा एलान किया।

## पश्चिम एशिया संघर्ष

अमेरिका ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को देखते हुए दुनियाभर में अपने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने सुरक्षा खतरे और यात्रा में परेशानी की आशंका जताई है। ईरान-अमेरिका तनाव बढ़ने के बीच हालात पर नजर रखने को कहा गया है। पढ़िए रिपोर्ट-अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को दुनियाभर में यात्रा करने वाले अमेरिकी नागरिकों के लिए सतर्क रहने की चेतावनी जारी की। मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण सुरक्षा की स्थिति जटिल बनी हुई है। अमेरिका और ईरान की ओर से क्षेत्र में बढ़ी सैन्य गतिविधियों के बीच अचानक हालात बिगड़ सकते हैं।बयान में आगे कहा गया, हम क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी नागरिकों को लगातार सावधानी बरतने की याद दिलाते हैं और उन्हें सलाह देते हैं कि वे ताजा घटनाक्रम की जानकारी के लिए समाचार देखते रहें। विदेश मंत्रालय दुनियाभर के अमेरिकी नागरिकों, खासकर पश्चिम एशिया में रहने वालों को अधिक सतर्क रहने की सलाह देता है। इस चेतावनी में यह भी कहा गया कि उड़ानों में देरी होने और समय-समय पर हवाई क्षेत्र बंद किए जाने से यात्रा प्रभावित हो सकती है। क्षेत्र में जारी तनाव का असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ रहा है।इसके अलावा, विदेश मंत्रालय ने कहा कि पहले भी अमेरिकी राजनयिक कार्यालयों को निशाना बनाया जा चुका है, जिनमें पश्चिम एशिया के बाहर स्थित कार्यालय भी शामिल हैं। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि ईरान का समर्थन करने वाले समूह दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में अमेरिका के हितों या अमेरिका और अमेरिकी नागरिकों



**मौतों की निष्पक्ष जांच की मांग क्यों की गई?**

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने अशांति के दौरान हुई सभी मौतों की त्वरित, गहन और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों, दोनों पक्षों में हुई मौतों की परिस्थितियों की पारदर्शी जांच होनी चाहिए ताकि जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

**JAAC पर प्रतिबंध क्यों लगाया गया?**

बयान के अनुसार, विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रही संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (JAAC) पर आतंकवाद-रोधी कानूनों के तहत प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संगठन में व्यापारी, ट्रांसपोर्टर, छात्र, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हैं। पाकिस्तान प्रशासन का आरोप है कि यह संगठन सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा के लिए खतरा बन रहा था। प्रतिबंध के बाद संगठन के कई नेताओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

**गिरफ्तार नेताओं को लेकर क्या कहा गया?**

वोल्कर तुर्क ने कहा कि गिरफ्तार किए गए JAAC नेताओं को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए और उन्हें अपने परिवारों से संपर्क करने का अवसर मिलना चाहिए

## PoK में हो रही हिंसा पर UN की एंट्री: पाकिस्तान से मांगा जवाब; नेताओं की गिरफ्तारी और इंटरनेट बंदी पर सवाल

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में चुनाव से पहले बढ़ती हिंसा और अशांति पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों की मौतों की निष्पक्ष जांच, गिरफ्तार JAAC नेताओं को कानूनी अधिकार देने, इंटरनेट सेवाएं बहाल करने और स्थानीय लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए समावेशी राजनीतिक संवाद शुरू करने की अपील की है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में जारी अशांति को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय (OHCHR) ने गहरी चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच संयम बरतने की अपील की है और प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ सुरक्षाबलों की मौतों की निष्पक्ष, त्वरित और व्यापक जांच कराने की मांग की है।


**आखिर UN ने चिंता क्यों जताई?**

जिनेवा से शुक्रवार को जारी बयान में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने कहा कि जुलाई के अंत में होने वाले क्षेत्रीय चुनावों से पहले पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में अशांति की लहर देखने को मिल रही है। बयान के मुताबिक, 27 जुलाई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जून से अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें अधिकांश प्रदर्शनकारी हैं, जबकि कुछ कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाले सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं।

# CBI Action: रिलायंस एडीए से जुड़ी कंपनियों पर सीबीआई का शिकंजा, 15 ठिकानों पर तलाशी अभियान



सीबीआई ने रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस और रिलायंस होम फाइनेंस से जुड़े मामलों में 15 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। जानें इस बड़ी कार्रवाई के प्रमुख बिंदु और जांच का दायरा।केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को दिल्ली और मुंबई में 15 परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के खिलाफ दर्ज मामलों से संबंधित है। अधिकारियों ने बताया कि ये मामले बैंक निधि की कथित हेराफेरी से जुड़े हैं। इस तलाशी से अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीए समूह पर जांच का शिकंजा और कस गया है।सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में जानकारी दी कि तलाशी में समूह से संबंधित 23 आपस में जुड़ी संस्थाएं शामिल थीं। ये सभी परिसर मुंबई और दिल्ली के दो प्रमुख शहरों में स्थित हैं। जांच एजेंसी का आरोप है कि इन आपस में जुड़ी संस्थाओं का उपयोग बैंक निधि को मोड़ने के लिए किया गया। आरसीएफएल और आरएचएफएल ने यह निधि उधार ली थी। बाद में इसे अन्य रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों में कथित तौर पर स्थानांतरित किया गया। इससे ऋणदाता बैंकों को अनुचित हानि हुई। मुंबई की एक विशेष अदालत से वारंट प्राप्त करने के बाद यह तलाशी अभियान चलाया गया।




### क्या है पूरा मामला और कितने एफआईआर दर्ज हुए

सीबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम), आरएचएफएल, आरसीएफएल और रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड (आरटीएल) के खिलाफ सात एफआईआर दर्ज की हैं। ये एफआईआर विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी से प्राप्त शिकायतों के आधार पर दर्ज की गई हैं। इन शिकायतों में कंपनियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कंपनियों पर बैंक निधि की हेराफेरी और ऋणदाता संस्थानों को वित्तीय नुकसान पहुंचाने का आरोप है। जांच एजेंसी इन सभी मामलों में गहराई से पड़ताल कर रही है। इन सात मामलों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी को कुल करीब 27,337 करोड़ रुपये की कथित हानि हुई है। सीबीआई ने पहले भी रिलायंस एडीए समूह से जुड़े मामलों में कार्रवाई की है। एजेंसी ने इससे पहले 38 स्थानों पर तलाशी ली थी। इन पूर्ववर्ती मामलों में चार आरोप पत्र भी दाखिल किए जा चुके हैं। सीबीआई ने अब तक कुल सात आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।नवीनतम तलाशी अभियान में तीन व्यक्तियों के परिसर भी शामिल थे। इनमें आरएचएफएल के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी का परिसर शामिल है। रिलायंस एडीए समूह के पूर्व सचिवीय प्रमुख के परिसर पर भी तलाशी ली गई। आरएचएफएल के पूर्व मुख्य कोष सलाहकार के परिसर की भी जांच की गई। इन व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। सीबीआई का मानना है कि ये व्यक्ति कथित निधि हेराफेरी में शामिल हो सकते हैं।

# Gold Silver Price: सोना 1500 रुपये टूटा, 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम; चांदी 2000 रुपये फिसली

पश्चिम एशिया में बढ़ती अनिश्चितताओं के कारण दिल्ली में सोने की कीमतों में 1,500 रुपये की गिरावट आई, जिससे यह 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी भी 2,000 रुपये गिरकर 2.35 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और मुद्रास्फीति की चिंताएं इस गिरावट का मुख्य कारण हैं। देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को सोने की कीमतों में 1,500 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। पश्चिम एशिया में बढ़ती अनिश्चितताओं के कारण यह 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी भी 2,000 रुपये गिरकर 2.35 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।स्थानीय बाजार के व्यापारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 1,500 रुपये घटकर 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। शुक्रवार को यह 1,48,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 2,000 रुपये की गिरावट के साथ 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले सत्र में सफेद धातु 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।व्यापारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। इससे मुद्रास्फीति की चिंताएं बढ़ी हैं और अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है। इन सभी कारकों ने कीमती धातुओं पर दबाव डाला है।



व्यापारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। इससे मुद्रास्फीति की चिंताएं बढ़ी हैं और अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है। इन सभी कारकों ने कीमती धातुओं पर दबाव डाला है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के कारण सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया तनाव बढ़ने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान की चिंताएं बढ़ी हैं। इससे तीसरी तिमाही में तेल बाजार की स्थितियां और सख्त होने की आशंका है। मीराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज के प्रमुख प्रवीण सिंह ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से मुद्रास्फीति की चिंताएं बढ़ी हैं। इससे फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा रखने की उम्मीदें भी बढ़ी हैं।






# AMFI: एएमएफआई ने म्यूचुअल फंड हस्तांतरण प्रक्रिया को आसान बनाया, जानिए कैसे मिलेगा फायदा

म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) ने निवेशकों की मृत्यु हो जाने के बाद म्यूचुअल फंड इकाइयों के हंस्तारण की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। इस कदम का उद्देश्य हस्तांतरण प्रक्रिया के दौरान परिवारों द्वारा अक्सर सामना की जाने वाली परिचालन संबंधी चुनौतियों का समाधान करना है, साथ ही म्यूचुअल फंड हाउसों में एक सुगम और अधिक समान अनुभव सुनिश्चित करना है।सेबी निर्देश के बाद जिसमें नामांकित व्यक्तियों और कानूनी वारिसों के लिए दावों को आसान बनाने के लिए कहा गया है। उसी को देखते हुए एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) ने निवेशकों की मृत्यु हो जाने के बाद म्यूचुअल फंड इकाइयों के हंस्तारण की प्रक्रिया को सरल बना दिया गया है। एमएमएफआई ने बताया है कि म्यूचुअल फंड इकाइयों निवेशकों की मृत्यु के बाद इकाइयों और प्रोसीड्स क्लेम करने के लिए प्रक्रियों में बदलाव किया गया है। इसका उद्देश्य म्यूचुअल फंड हस्तांतरण इकाइयों के प्रक्रिया को असान बनाना है। यह बदलाव विशेष रूप से ऑपरेशनल परेशानियों को समाप्त करने और यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि मृत्यु होने के बाद निवेशक के वारिसो को आसानी से इकाइयां का क्लेम मिल सके।इसमें एएमसी अब इश्यू के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं के समान प्रक्रियाएं अपना सकती हैं। इन दिशा-निर्देशों के तहत, नाम में विसंगति होने पर दावेदार आधार कार्ड या पासपोर्ट जैसे स्व-प्रमाणित पहचान दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

### एएमएफआई के एलान के बाद क्या बदलेगा

संशोधित नियम के अनुसार अगर रिकॉर्ड में दर्ज पता मेल नहीं खाता है, तो परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) मृतक यूनिट धारक के नए उपलब्ध पते पर संबंधित दस्तावेजों के साथ भरोसा कर सकती हैं। एएमएफआई ने मृतक निवेशक के नाम या हस्ताक्षर में मामूली और बड़े अंतर से निपटने के लिए एक सामांजस्यपूर्ण ढांचा पेश किया है। जिससे यह प्रक्रिया सेबी के फरवरी 2026 के परिपत्र के तहत रिजट्रार और हस्तांतारण एजेंट्स पर लागू प्रावधानों के अनुरूप होगी।यह बदलाव मामूली दस्तावेजों की विसंगतियों के कारण म्यूचुअल फंड निवेश का दावा करते समय परिवार को होने वाले परिचालन संबंधी परेशानियों और चिंता के बाद किए गए हैं। एएमएफआई ने कहा कि वह इन प्रक्रियाओं के एक समान कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एएमसी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा।भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) मृतक यूनिट धारक के नवीनतम उपलब्ध पते पर भरोसा कर सकती हैं, बशर्ते कि यह प्रासंगिक दस्तावेजों द्वारा समर्थित हो, उन मामलों में जहां म्यूचुअल फंड रिकॉर्ड में दर्ज पता दावेदार द्वारा प्रस्तुत पते से भिन्न है।

# Maritime Trade: विझिंजम बंदरगाह 18 अगस्त से निर्यात-आयात का पूर्ण परिचालन शुरू करेगा, जानिए इससे कैसे मिलेगा




केरल का विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह 18 अगस्त से पूर्ण निर्यात-आयात परिचालन शुरू करेगा, जिससे यह एक प्रमुख वैश्विक कार्गो प्रवेश द्वार बन जाएगा। यह कदम लॉजिस्टिक्स लागत कम करेगा और 'मिशन समुद्र' के तहत आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। केरल सरकार ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह 18 अगस्त से पूर्ण निर्यात-आयात परिचालन शुरू करेगा। यह बंदरगाह अब एक ट्रांसशिपमेंट केंद्र से पूर्ण अंतरराष्ट्रीय कार्गो प्रवेश द्वार में बदल जाएगा। मुख्यमंत्री वी डी सतीशन पहले निर्यात कंटेनर को हरी झंडी दिखाएंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राज्य सरकार 'मिशन समुद्र' कारोबार शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगी। यह शिखर सम्मेलन वैश्विक शिपिंग कंपनियों, लॉजिस्टिक्स कंपनियों, निर्यातकों, निवेशकों और उद्योग जगत के अग्रणी लोगों को एक साथ लाएगा। राज्य सरकार अपनी दीर्घकालिक समुद्री विकास पहल 'मिशन समुद्र' का भी आधिकारिक अनावरण करेगी। साथ ही, यह समुद्री-नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि के लिए केरल का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगी।यह निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा। इससे क्षेत्र में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### विझिंजम बंदरगाह कैसे बना एक वैश्विक केंद्र

केरल सरकार और अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत इस बंदरगाह को विकसित किया है। विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते कंटेनर बंदरगाहों में से एक के रूप में उभरा है। इसने वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के केवल 18 महीनों के भीतर 20 लाख टीईयू संभाले हैं। बंदरगाह ने दुनिया के कुछ सबसे बड़े मदर शिप भी प्राप्त किए हैं। यह विझिंजम की विश्व स्तरीय समुद्री केंद्र के रूप में उत्कृष्ट क्षमता को दर्शाता है। निर्यात-आयात सेवाओं की शुरुआत राज्य सरकार की 100-दिवसीय कार्य योजना का हिस्सा है।

# The Bonus Market Update: शेयर बाजार में उछाल सेंसेक्स 400 अंक चढ़ा तो निफ्टी 24150 के पार, रुपया भी मजबूत




हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार में तेजी दिखी। सेंसेक्स 400 से अधिक अंक चढ़ा, निफ्टी 24,150 के पार पहुंचा। इंफोसिस में 3 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि वैश्विक बाजार गिरे। रुपया भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे मजबूत हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार में जोरदार तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 400 से अधिक अंक चढ़कर 77,616.73 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 24,150 के स्तर को पार कर 24,188.35 पर बंद हुआ। इस दौरान इंफोसिस के शेयरों में 3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, वहीं विप्रो के शेयर 1 फीसदी गिर गए। बाजार विश्लेषकों का अनुमान है कि निफ्टी मौजूदा समर्थन स्तरों से ऊपर बना रहेगा। यह 24,250 से 24,350 के क्षेत्र की ओर वापसी कर सकता है। यह क्षेत्र निफ्टी की हालिया समेकन सीमा का ऊपरी छोर है। वैश्विक बाजारों में गिरावट के बावजूद भारतीय बाजार मजबूत रहे। सुबह 10:50 बजे टोक्यो के समय के अनुसार, एसएंडपी 500 वायदा 0.5 फीसदी गिर गया। जापान का टॉपिक्स 2.4 फीसदी नीचे रहा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.8 फीसदी गिरा। हांगकांग का हैंग सेंग 0.8 फीसदी और शंघाई कंपोजिट 1 फीसदी नीचे आया। यूरो स्टॉक्स 50 वायदा में भी 0.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इस बीच, भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे मजबूत हुआ। रुपया शुरुआती कारोबार में 96.28 के स्तर पर पहुंच गया।


### भारतीय बाजार में यह उछाल क्यों आया?

भारतीय शेयर बाजार में यह उछाल वैश्विक गिरावट के विपरीत रहा। सेंसेक्स में 429.86 अंकों की वृद्धि हुई, जो 0.55 फीसदी का लाभ दर्शाता है। निफ्टी में भी 115.60 अंकों की बढ़त दर्ज की गई, जो 0.48 फीसदी की वृद्धि है। इंफोसिस जैसे प्रमुख शेयरों में वृद्धि ने बाजार को सहारा दिया। यह घरेलू निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।रुपये में 14 पैसे की वृद्धि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले उसकी मजबूती को दर्शाती है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है। मजबूत रुपया आयात को सस्ता बनाता है और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह विदेशी निवेश को भी आकर्षित कर सकता है। रुपये का 96.28 पर पहुंचना बाजार में विश्वास को बढ़ाता है।






# Apple: टेक जगत में बड़ा उलटफेर, एनवीडिया को पछाड़कर एपल फिर बनी दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी




एपल ने एनवीडिया को पछाड़कर दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी का खिताब फिर हासिल कर लिया है। जानिए एपल के इस बदलाव की पूरी कहानी और क्या है निवेशकों की नई रणनीति। पूरा विश्लेषण पढ़ने के लिए अभी क्लिक करें। तकनीक की दुनिया में एक बड़ा उलटफेर हुआ है। दिग्गज टेक कंपनी एपल ने चिप निर्माता एनवीडिया को पछाड़कर दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी का खिताब फिर हासिल कर लिया है। अप्रैल 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एपल शीर्ष पर लौटी है, जो दर्शाती है कि निवेशक अब एआई बूम के शुरुआती विजेताओं से आगे देखने लगे हैं। शुक्रवार को एपल का मार्केट कैप लगभग 4.88 ट्रिलियन डॉलर रहा, जबकि एनवीडिया के शेयर 3.5% गिरने से उसकी मार्केट वैल्यू 4.86 ट्रिलियन डॉलर रह गई। एनवीडिया जून 2025 से इस खिताब पर काबिज थी, जिसे उसके एआई चिप्स की भारी मांग से मजबूती मिली थी। लेकिन हाल ही में सेमीकंडक्टर बाजार में आई अस्थिरता का फायदा एपल को मिला। फिलाडेल्फिया सेमीकंडक्टर इंडेक्स जुलाई की बिकवाली में अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से लगभग 19% गिर चुका है। इस बिकवाली ने एनवीडिया के शेयरों पर दबाव डाला, जिससे एपल मामूली बढ़त के साथ शीर्ष पर पहुंच गई।एआई की रेस में लंबे समय तक एपल को प्रतिद्वंद्वियों से पीछे (लैगार्ड) माना जा रहा था। लेकिन अब निवेशकों का नजरिया बदला है। एनवीडिया जहां डेटा सेंटर्स के भारी पूंजीगत खर्च पर निर्भर है, वहीं एपल के पास उपकरणों और सेवाओं का विशाल इकोसिस्टम है। बीआरआई वेल्थ मैनेजमेंट के टोनी मीडोज के अनुसार, "एपल पर भारी पूंजीगत खर्च का दबाव कम है और वह सेवाओं, इकोसिस्टम और हार्डवेयर अपग्रेड के जरिए एआई से कमाई की बेहतर स्थिति में है, जो इसकी स्थायी कमाई के प्रति निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है"एपल ने पिछले महीने अपने वॉयस असिस्टेंट 'सिरी' को अधिक सक्षम रूप में पेश किया। कंपनी का मानना है कि उसकी सबसे बड़ी ताकत करोड़ों यूजर्स के पास मौजूद आईफोन हैं। इनमें मौजूद व्यक्तिगत डेटा के जरिए सिरी अधिक उपयोगी और व्यक्तिगत सेवाएं दे सकती है।

## KBC 18: अमिताभ बच्चन ने की कौन बनेगा करोड़पति 18 की घोषणा क्विज शो में है ये नया ट्विस्ट

KBC Season 18: अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति का सीजन 18 लेकर आ रहे हैं। इसमें मेकर्स ने थोड़ा बदलाव किया है। आइए जानते हैं वह कौन सा बदलाव है? कौन बनेगा करोड़पति अपने 18वें सीजन के लिए एक नए नजरिए के साथ लौटने के लिए तैयार है। शो को एक बार फिर अमिताभ बच्चन होस्ट करेंगे। शो एक नई थीम, 'सोचना पड़ेगा' पेश करेगा। यह ऐसे समय में सोच-समझकर फैसले लेने पर जोर देता है, जहां जानकारी आसानी से मिल जाती है। इस सीजन में, केबीसी सिर्फ सही जवाब जानने के बजाय सोचने, समझने और ज्ञान को इस्तेमाल करने की क्षमता को अहमियत देगा। चैनल ने अमिताभ बच्चन के साथ तीन नए प्रोमो जारी किए हैं। हर फिल्म दिखाती है कि पिछले कुछ वर्षों में लोगों का ज्ञान पाने का तरीका कैसे बदला है। साथ ही इस सीजन का मुख्य संदेश यह भी बताता है कि कभी-कभी, सही जवाब सोचने के लिए रुकने से शुरू होता है। पहले प्रोमो में अमिताभ बच्चन कहते हैं, 'आजकल जवाब जो है वो हर जगह मिलने लग गए हैं, आपकी जेब में भी। समझे नहीं? अरे भाई साहब आपके फोन पे। इसलिए इस बार केबीसी में हमने कुछ बदलने की कोशिश की है। जवाब याद रखने से काम नहीं चलेगा, उस जवाब के लिए आपको सोचना पड़ेगा। जी हां, सोचना पड़ेगा।' दूसरे प्रोमो में इस बात पर जोर दिया गया है कि इस सीजन में सिर्फ किताबी ज्ञान काफी नहीं होगा। अमिताभ बच्चन कहते हैं, 'भूगोल, इतिहास और विज्ञान में सबका ज्ञान इस बार केबीसी में काफी नहीं होगा। क्योंकि, अब खेल जो है वो बदल गया है। सिर्फ उत्तर याद रखने से काम नहीं चलने वाला, सोचना पड़ेगा, जी हां।' तीसरा प्रोमो में अमिताभ बच्चन कहते हैं 'देखिए आज AI ने दुनिया को बदल दिया है, और यह बदलाव जो है, रुकने वाला नहीं है। जो कल तक नामुमकिन लगता था, वो आज पल भर में मुमकिन हो जाता है। और, यह बदलती हुई दुनिया में हम सबको भी बदलना पड़ेगा। इसलिए, केबीसी में भी हमने कुछ बदलने की कोशिश की है, अब उत्तर देने से पहले आपको। हां। सोचना पड़ेगा।और यह बदलाव जो है, रुकने वाला नहीं है। जो कल तक नामुमकिन लगता था, वो आज पल भर में मुमकिन हो जाता है। और, यह बदलती हुई दुनिया में हम सबको भी बदलना पड़ेगा।



## सोनम वांगचुक के सवाल पर कन्फ्यूज दिखीं मनारा चोपड़ा







Manara Chopra on Sonam Wangchuk: सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल इन दिनों काफी चर्चाओं में है। कई बॉलीवुड सितारों ने भी इस हड़ताल पर अपना रिएक्शन दिया है। इस बीच मनारा चोपड़ा का इस मामले पर दिया हुआ बयान काफी वायरल हो रहा है।मनारा चोपड़ा हाल ही में गोवा में एक इवेंट के दौरान उस वक्त कन्फ्यूज हो गईं, जब पैपराजी ने उनसे सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल को लेकर सवाल पूछ लिया। एक्ट्रेस ने साफ कहा कि वो इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहतीं।वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही फोटोग्राफर्स ने उनसे इस मुद्दे पर सवाल किया, मनारा थोड़ी हैरान नजर आईं और बोलीं, 'मैं इस बारे में कुछ कमेंट नहीं करना चाहूंगी।

## Aamir Khan: 'हम सोनम वांगचुक को जानते भी नहीं थे आमिर ने किया बड़ा खुलासा बताया क्या है सबसे बड़ी गलतफहमी

Aamir khan on Sonam Wangchuk: गुरुवार को आमिर खान लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मौजूद रहे, जहां उनकी फिल्म 'लगान' की स्क्रीनिंग रखी गई थी। इसी दौरान आमिर खान ने '3 इडियट्स' को लेकर बड़ा खुलासा किया। एक्टर आमिर खान ने आखिरकार शिक्षाविद और एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर अपनी चुप्पी तोड़ी। इस बीच उन्होंने एक बड़ा खुलासा भी किया, जिसे सुनकर सब हैरान रह गए। गुरुवार को आमिर खान लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए, जहां 'लगान' की स्क्रीनिंग हुई। आमिर ने फिल्म की रिलीज के 25 साल पूरे होने पर उससे जुड़ी यादें भी साझा कीं और दर्शकों के सवालों के जवाब दिए। इसी बातचीत के दौरान उनसे सोनम वांगचुक के बारे में पूछा गया, जिनके बारे में अक्सर कहा जाता है कि '3 इडियट्स' का किरदार 'रैंचो' उनसे प्रेरित था। साथ ही उनके चल रहे अनशन पर भी आमिर से राय मांगी गई। इस पर आमिर खान ने कहा, 'नहीं, यह सच नहीं है। यह एक गलतफहमी है। जब हम '3 इडियट्स' बना रहे थे, तब मैं सोनम जी के बारे में नहीं जानता था। मैंने हाल ही में 'चतुर' का एक वीडियो देखा, जिसमें उन्होंने ऐसा कहा, लेकिन वह गलत हैं। हो सकता है वह ऐसा सोचते हों, लेकिन मैं साफ करना चाहता हूं कि न तो राजू और न ही अभिजात (राजकुमार हिरानी और अभिजात जोशी), हममें से कोई भी उस समय सोनम जी को नहीं जानता था। लेकिन सोनम जी जो काम कर रहे हैं, वह बहुत अच्छा है। हमें उनका सम्मान करने के लिए यह जरूरी नहीं है कि वह किसी फिल्म के किरदार से जुड़े हों। मैं बस यह बात सच के तौर पर बताना चाहता था।







## ओएमजी 2 का आइडिया मेरा था' परेश रावल का बड़ा दावा

### कहा- मुझे क्रेडिट तक नहीं दिया गया अक्षय पर कही ये बात

Paresh Rawal On OMG 2: परेश रावल ने 'ओएमजी 2' को अपना ओरिजिनल आइडिया और कॉन्सेप्ट बताया है। जानिए फिल्म को लेकर उन्होंने क्या कुछ बताया और क्या थी उनकी असल कहानी अभिनेता परेश रावल ने अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने दावा किया कि 'ओएमजी 2' की कहानी असल में एक आइडिया के तौर पर शुरू हुई थी, जिसे उन्होंने डायरेक्टर अमित राय के साथ मिलकर डेवलप किया था। बाद में उन्हें ही इस कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट नहीं दिया गया। एक्टर ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद कहानी में काफी बदलाव किए गए, जिसकी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला किया। विक्की लालवानी के साथ यूट्यूब पर बातचीत में परेश रावल ने 'ओएमजी 2' को लेकर कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि उनकी ओरिजिनल कहानी पिता-बेटे के रिश्ते पर आधारित एक ड्रामा थी







इसमें भगवान या किसी दैवीय किरदार का कोई रोल नहीं था और इसे कभी भी 'ओएमजी' के सीधे सीक्वल के तौर पर नहीं सोचा गया था। सबसे दुखद बात यह है कि मुझे कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट तक नहीं दिया गया। मेरा नाम कहीं भी नहीं लिया गया। परेश रावल ने यह भी दावा किया कि इंडस्ट्री के कई लोगों को पता था कि यह कहानी कहां से आई है। उन्होंने कहा कि अमित, अक्षय, अश्विन, अजय देवगन, करण जौहर और सलमान खान, सभी जानते हैं कि यह मेरा आइडिया और मेरी कहानी थी। शायद अजय और सलमान ने इस विषय की वजह से मना कर दिया होगा। उन्हें लगा होगा कि यह विवादित हो सकती है। मैंने उन्हें कॉन्सेप्ट समझाने की कोशिश की थी। मैंने डायरेक्टर अमित राय से संपर्क किया था, जिनकी फिल्म 'रोड टू संगम' मुझे बहुत पसंद थी।


## जान का जन्मदिन' विक्की कौशल ने प्यार भरे अंदाज में कटरीना को किया बर्थ डे विश शेयर की क्यूट तस्वीर

Katrina Kaif Birthday: गुरुवार को बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने अपना 43वां जन्मदिन मनाया। कई सेलेब्स ने उन्हें दिन भर सोशल मीडिया पर बर्थ डे विश किया। वहीं पति और एक्टर विक्की कौशल ने देर रात कटरीना के जन्मदिन पर एक प्यारी पोस्ट साझा की है। विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के आइडल कपल हैं। दोनों का एक-दूसरे के लिए प्यार जताने का अंदाज बिल्कुल अलग और खास है। आज कटरीना के जन्मदिन (16 जुलाई) पर विक्की कौशल ने रोमांटिक अंदाज में उन्हें बर्थ डे विश किया है। विक्की कौशल ने देर रात एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा की। इसमें वह कटरीना का जन्मदिन मना रहे हैं, उन्हें केक खिला रहे हैं। साथ ही कैप्शन में विक्की ने लिखा है, 'जान का जन्मदिन।' आगे एक हार्ट इमोजी बनाया है। फोटो में कटरीना ने विक्की को प्यार से गले लगाया **है। फैंस ने भी दिए फोटो पर रिएक्शन**विक्की कौशल की पोस्ट पर फैंस ने भी जमकर रिएक्शन दिया है। कटरीना, विक्की की जोड़ी को परफेक्ट बताया। किसी ने हार्ट इमोजी इनके लिए शेयर किया। वहीं किसी ने कहा कि ऐसा बर्थ डे विश तो वह भी डिर्जव करते हैं। 6 साल पहले एक हुए थे विक्की और कटरीनाविक्की कौशल और कटरीना कैफ ने 9 दिसंबर 2021 को शादी की थी। पिछले साल वह माता-पिता बने। कटरीना ने 7 नवंबर 2025 को एक बेटे का जन्म दिया। बेटे का नाम विक्की और कटरीना ने विहान रखा है। इन दिनों कटरीना अपने बेटे की परवरिश और अपने ब्यूटी बिजनेस में व्यस्त हैं। वहीं विक्की कौशल एक फिल्म 'अश्वथामा' को लेकर चर्चा में हैं। इस सिंपल लेकिन दिल छू लेने वाले कैप्शन ने फैंस और बॉलीवुड सेलेब्स का दिल जीत लिया है। साझा की गई तस्वीरों में यह स्टार कपल एक-दूसरे के साथ बेहद खुश और सुकून के पल बिताता नजर आ रहा है। विक्की के इस पोस्ट को शेयर करते ही सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लग गया है। जोया अख्तर, नेहा धूपिया, और मिनी माथुर जैसे कई बड़े सितारों ने कमेंट सेक्शन में कटरीना को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।



Katrina Kaif Birthday: गुरुवार को बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने अपना 43वां जन्मदिन मनाया। कई सेलेब्स ने उन्हें दिन भर सोशल मीडिया पर बर्थ डे विश किया। वहीं पति और एक्टर विक्की कौशल ने देर रात कटरीना के जन्मदिन पर एक प्यारी पोस्ट साझा की है। विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के आइडल कपल हैं। दोनों का एक-दूसरे के लिए प्यार जताने का अंदाज बिल्कुल अलग और खास है। आज कटरीना के जन्मदिन (16 जुलाई) पर विक्की कौशल ने रोमांटिक अंदाज में उन्हें बर्थ डे विश किया है। विक्की कौशल ने देर रात एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा की। इसमें वह कटरीना का जन्मदिन मना रहे हैं, उन्हें केक खिला रहे हैं। साथ ही कैप्शन में विक्की ने लिखा है, 'जान का जन्मदिन।' आगे एक हार्ट इमोजी बनाया है। फोटो में कटरीना ने विक्की को प्यार से गले लगाया है। फैंस ने भी दिए फोटो पर रिएक्शनविक्की कौशल की पोस्ट पर फैंस ने भी जमकर रिएक्शन दिया है। कटरीना, विक्की की जोड़ी को परफेक्ट बताया। किसी ने हार्ट इमोजी इनके लिए शेयर किया। वहीं किसी ने कहा कि ऐसा बर्थ डे विश तो वह भी डिर्जव करते हैं। 6 साल पहले एक हुए थे विक्की और कटरीनाविक्की कौशल और कटरीना कैफ ने 9 दिसंबर 2021 को शादी की थी। पिछले साल वह माता-पिता बने। कटरीना ने 7 नवंबर 2025 को एक बेटे का जन्म दिया। बेटे का नाम विक्की और कटरीना ने विहान रखा है। इन दिनों कटरीना अपने बेटे की परवरिश और अपने ब्यूटी बिजनेस में व्यस्त हैं। वहीं विक्की कौशल एक फिल्म 'अश्वथामा' को लेकर चर्चा में हैं। इस सिंपल लेकिन दिल छू लेने वाले कैप्शन ने फैंस और बॉलीवुड सेलेब्स का दिल जीत लिया है। साझा की गई तस्वीरों में यह स्टार कपल एक-दूसरे के साथ बेहद खुश और सुकून के पल बिताता नजर आ रहा है।

## Vikrant Massey Exclusive Interview



Vikrant Massey Exclusive Interview: विक्रांत मैसी ने फिल्मों में अलग-अलग और उम्दा किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। जल्द ही उनकी एक सीरीज 'मुसाफिर कैफे' भी रिलीज हो रही है। इसके जरिए वह प्रोड्यूसर भी बन रहे हैं। इस सीरीज और करियर को लेकर अमर उजाला से विक्रांत मैसी ने कई बातें साझा की हैं। विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज 'मुसाफिर कैफे' को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज के जरिए वह प्रोड्यूसर भी बन चुके हैं। अमर उजाला डिजिटल से हुई हालिया बातचीत सिर्फ उनकी नई सीरीज तक सीमित नहीं रही, उन्होंने प्रोड्यूसर बनने के अनुभव, इंडस्ट्री के कामकाज, अधूरे सपनों और हिमाचल में अपना कैफे खोलने की इच्छा तक कई दिलचस्प बातें साझा की हैं। पढ़िए, विक्रांत मैसी से हुई बातचीत के चुनिंदा अंश- बतौर प्रोड्यूसर अपनी पहली पारी को लेकर विक्रांत मैसी बेहद उत्साहित हैं। उनके लिए 'मुसाफिर कैफे' सिर्फ एक वेब सीरीज नहीं बल्कि दिल के बेहद करीब एक प्रोजेक्ट है। वह कहते हैं, 'सच कहूं तो मुझे अभी तक यह बात पूरी तरह से महसूस ही नहीं हुई है। अब जब मैं सोचता हूं तो लगता है कि इससे बेहतर शुरुआत शायद हो ही नहीं सकती थी। मैं खुद को बहुत-बहुत खुशकिस्मत मानता हूं। यकीन मानिए, इसके लिए मैंने कोई अलग मेहनत नहीं की है। यह सब नेटफ्लिक्स और मेरे मेंटर विजय सुब्रमण्यम की दरियादिली है। उन्होंने कहा था कि यह मेरे लिए सही सीरीज है। अभिनेता विक्रांत ने आगे कहा, 'मुझे इससे बेहतर कहानी, प्लेटफॉर्म और टीम शायद नहीं मिल सकती थी। लेकिन एक अभिनेता से ज्यादा आज मैं एक कहानीकार के तौर पर उत्साहित हूं।

## दुल्हन बनीं नजर आईं भोजपुरी अदाकारा



रानी चटर्जी भोजपुरी सिनेमा जगत की चर्चित अदाकारा हैं। उनके पास एक के बाद एक कई फिल्में पाइपलाइन में हैं। हालांकि, फिलहाल रानी 'बड़की बहू छोटकी बहू 2' की शूटिंग कर रही हैं। अक्सर वे सेट से झलकियां साझा करती हैं। आज रविवार को उन्होंने वीडियो शेयर किया है। इसमें वे दुल्हन बनी दिख रही हैं।रानी चटर्जी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो साझा किया है। इसमें वे लाल रंग की साड़ी पहने दुल्हन बनी दिख रही हैं। चटख लाल साड़ी में पारंपरिक गहने पहने दिख रही हैं। गले में मंगलसूत्र है। मांग टीका और नथ में वे खूबसूरत लग रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'फिल्म 'बड़की बहू और छोटकी बहू 2' की शूटिंग पूरी एनर्जी के साथ चल रही है। बता दें कि इस फिल्म में रानी के साथ काजल राघवानी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा जय यादव. लाडो मधेसिया, मनोज टाइगर, कंचन मिश्रा, प्रेम दुबे, बीना पांडे और पारुल प्रिया भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन मंजुल ठाकुर ने किया है। वे इसके निर्देशक भी हैं।

# Aaj Ka Rashifal 19 July

**Rashifal 19 July 2026: जानें मेष, कर्क, सिंह, कन्या, मकर और कुंभ राशि वालों के लिए करियर, कारोबार, धन, स्वास्थ्य, प्रेम और पारिवारिक जीवन से जुड़ी ज्योतिषीय भविष्यवाणियां।**



### मेष

आज का दिन सकारात्मक ऊर्जा और नए उत्साह से भरपूर रहेगा। ससुराल पक्ष से किसी प्रिय व्यक्ति का आगमन रिश्तों में और मिठास घोल सकता है। किसी बात को लेकर माताजी से हल्की नाराजगी हो सकती है, लेकिन समय रहते बातचीत से स्थिति संभाल लेना बेहतर रहेगा। संतान को अच्छे संस्कार और पारिवारिक परंपराओं का महत्व समझाने का अवसर मिलेगा। जीवन में आगे बढ़ने के लिए पुरानी गलतियों से सीख लेना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। परिवार के बड़े-बुजुर्गों की सेवा करने और उनकी भावनाओं को समझने का अवसर भी मिलेगा।

### वृषभ

आज व्यापार और कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाती नजर आएगी। किसी महत्वपूर्ण मीटिंग या चर्चा में आपकी राय को विशेष महत्व मिलेगा, इसलिए आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखें। प्रेम संबंधों में छोटी-सी बात को लेकर तनाव हो सकता है, लेकिन समझदारी से स्थिति संभल जाएगी। वरिष्ठों और मित्रों का सहयोग आपको हर कदम पर मिलेगा। यदि कोई मित्र मदद की उम्मीद लेकर आए, तो उसे निराश न करें। पैरों से जुड़ी छोटी-मोटी परेशानी को नजरअंदाज करने से बचें।

### मिथुन

आज किस्मत आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी। आध्यात्मिक गतिविधियों और भगवान की भक्ति में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। परिवार के किसी सदस्य की तबीयत बिगड़ने से थोड़ी भागदौड़ हो सकती है। अनजान लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें। नए काम की शुरुआत और निवेश की योजना बनाने के लिए समय अनुकूल दिखाई दे रहा है। आपकी नेक नीयत हर किसी को समझ आए, यह जरूरी नहीं, इसलिए अपनी भावनाओं को संतुलित रखें।

### कर्क

आज बेवजह के विवादों से दूरी बनाए रखना ही आपके हित में रहेगा। जो भी जिम्मेदारी मिले, उसे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएं। कार्यक्षेत्र में किसी जूनियर से गलती हो जाए, तो उसे डांटने के बजाय समझाना ज्यादा बेहतर रहेगा। पिछले कुछ समय से चली आ रही मानसिक चिंता अब धीरे-धीरे कम होती नजर आएगी। यदि कोई कानूनी मामला चल रहा है, तो अनुभवी सलाहकार की राय लेना आपके लिए लाभदायक साबित होगा।

### कन्या

आज निवेश से जुड़े मामलों में अच्छे अवसर मिल सकते हैं। आपकी मेहनत ही आपकी सबसे बड़ी पूंजी साबित होगी और उसी के दम पर सफलता भी मिलेगी। परिवार के किसी सदस्य के साथ काम को लेकर हल्की बहस हो सकती है। यदि स्वास्थ्य पहले से ठीक नहीं चल रहा है, तो लापरवाही बिल्कुल न करें। संतान की सफलता और तरक्की आपको गर्व और खुशी का एहसास कराएगी।

### सिंह

आज नया घर, जमीन या संपत्ति खरीदने की योजना आगे बढ़ सकती है। हालांकि किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले उसकी अच्छी तरह जांच-पड़ताल जरूर करें। करियर को लेकर जो चिंता आपको परेशान कर रही थी, उसमें अब राहत मिलने के संकेत हैं। परिवार के मुद्दों को बातचीत से सुलझाने की कोशिश करें। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने आसपास के लोगों पर भरोसा करने से पहले उन्हें अच्छी तरह परख लेना चाहिए।

### तुला

आज आपका आत्मविश्वास और ऊर्जा दोनों चरम पर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके काम से अधिकारी प्रभावित होंगे और प्रमोशन को लेकर सकारात्मक चर्चा हो सकती है। महिला मित्रों के साथ बातचीत में मर्यादा और संयम बनाए रखें। मनमर्जी के खर्च बजट बिगाड़ सकते हैं, इसलिए सोच-समझकर खर्च करें। जीवनसाथी की ओर से कोई प्यारा-सा सरप्राइज मिल सकता है। माता-पिता से बातचीत करते समय शब्दों का चयन सोच-समझकर करें।

### वृश्चिक

आज भावनाओं में बहकर कोई बड़ा फैसला लेना ठीक नहीं रहेगा। जिद और अहंकार से दूरी बनाए रखना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। रुका हुआ धन वापस मिलने से आर्थिक राहत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कोई विरोधी आपके खिलाफ गलत माहौल बनाने की कोशिश कर सकता है, इसलिए अपनी बात पूरे आत्मविश्वास और तथ्यों के साथ रखें। विद्यार्थियों को पढ़ाई या प्रतियोगी परीक्षा से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

### धनु

आज नए लोगों से बनने वाले संपर्क भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित हो सकते हैं। आप सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश करेंगे और सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सक्रियता भी बढ़ेगी। किसी सरकारी योजना में निवेश करने का विचार लाभ दे सकता है, लेकिन किसी भी शुभ समाचार पर तुरंत निर्णय लेने से बचें। अपने जरूरी काम समय पर पूरे करें, क्योंकि टालमटोल आगे चलकर परेशानी बढ़ा सकती है।

### मकर

आज मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत हैं। आपकी कोई पुरानी गलती सामने आ सकती है, इसलिए धैर्य और समझदारी से स्थिति संभालें। बिना मांगे सलाह देने या दूसरों की हर बात मान लेने से बचें। यदि किसी को उधार दिया हुआ धन वापस मिलने की उम्मीद थी, तो उससे जुड़ी कोई चर्चा हो सकती है। घर में खुशी का माहौल रहेगा और मन की कोई इच्छा भी पूरी हो सकती है। पिताजी के साथ किसी महत्वपूर्ण पारिवारिक विषय पर बातचीत होगी।

### कुंभ

आज का दिन आत्मविश्वास और नई ऊर्जा लेकर आएगा। आपके व्यक्तित्व का आकर्षण बढ़ेगा और लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। तनाव कम करने के आपके प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य से जुड़ी छोटी परेशानियों को हल्के में न लें। धन से जुड़ा कोई रुका हुआ काम पूरा होने से राहत मिलेगी। लंबे समय से मन में पल रही कोई इच्छा भी आज पूरी होने के संकेत दे रही है।

### मीन

रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए आज का दिन नई उम्मीदें लेकर आया है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें और किसी से ऐसी बात न कहें जिससे रिश्तों में कड़वाहट आए। खर्चों पर नियंत्रण रखने के लिए बजट बनाकर चलना जरूरी होगा। विदेश से जुड़े व्यापार या कार्यों में लाभ मिलने की संभावना है। संतान को कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपनी क्षमता को बेहतर ढंग से साबित कर पाएंगे।

# Aaj Ka Love Rashifal

**Love Rashifal 19 July: पढ़ें 19 जुलाई का दैनिक लव राशिफल और जानें प्रेम एवं वैवाहिक जीवन के लिहाज से आज का दिन आपके लिए क्या संकेत लेकर आया है।**



Love Rashifal 19 July 2026: 19 जुलाई 2026, रविवार का दिन प्रेम और वैवाहिक जीवन के लिहाज से कई महत्वपूर्ण ज्योतिषीय संकेत लेकर आया है। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि, परिघ और शिव योग तथा सूर्य का कर्क राशि में गोचर रिश्तों में भावनात्मक गहराई और आपसी समझ को बढ़ाने का संकेत दे रहा है। वहीं, चंद्रमा का कन्या राशि में भ्रमण और शाम को हस्त नक्षत्र में प्रवेश प्रेम संबंधों में व्यवहारिक सोच, संवाद और विश्वास को विशेष महत्व देगा। ऐसे में कुछ राशियों के प्रेम जीवन में मधुरता बढ़ेगी, तो कुछ को रिश्तों में धैर्य और संयम बनाए रखने की आवश्यकता होगी। चंद्र राशि पर आधारित यह दैनिक लव राशिफल आपको बताएगा कि आज साथी के साथ आपका रिश्ता कैसा रहेगा, प्रेम का इजहार करने के लिए समय कितना अनुकूल है और किन बातों का ध्यान रखकर आप अपने रिश्ते को और मजबूत बना सकते हैं। आइए जानते हैं 19 जुलाई 2026 का दैनिक लव राशिफल।

# Aaj Ka Ank Jyotish



**Aaj Ka Ank Jyotish: मूलांक 2 और 7 वालों को मिलेगा भाग्य का साथ, बनेंगे तरक्की के योग,पढ़ें दैनिक अंक ज्योतिष**

Numerology Prediction 19 July 2026: आज का दिन आपके लिए कैसा रहेगा ? जानें मूलांक 1 से 9 तक के लोगों का दैनिक भविष्यफल।

**अंक 1:**आज का दिन आपके लिए नए संदेश लेकर आया है। दूसरों की भावनाओं को समझने की आपकी काबिलियत ग्रुप में तालमेल बनाए रखने में मदद करेगी। इसी के साथ आज धैर्य और समझदारी से लिए गए फैसले आपके लिए लाभदायक साबित होंगे।

**अंक 2**:मूलांक 2 वालों के लिए दिन सामान्य हो सकता है। अपनी मन की बात हर किसी से साझा करने से बचें। कामकाज में विशेष सावधानी बरतें। यात्रा पर जा सकते हैं, इसलिए किसी भी तरह के निर्णय की जल्दबाजी से बचें। परिवार का सहयोग आपके साथ रहेगा।

**अंक 3**:मूलांक 3 वालों का आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। छात्रों को घूमने-फिरने या किसी नए अनुभव का अवसर मिल सकता है। वहीं घर और बाहर दोनों जगह आज आपको खुशखबरी मिल सकती हैं। दोस्तों के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा।

**अंक 4**:नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए दिन अनुकूल रहेगा। दोस्तों को घर पर बुलाकर कोई काम आप आज प्रारंभ कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको विनम्रता के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। हालांकि, छात्रों को उच्च शिक्षा में कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।

**अंक 5:**आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अकेलापन महसूस हो सकता है। बिजनेस में पैसे उधार देने देने से बचें। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना आपके लिए बेहतर रहेगा।

# आज रात कन्या राशि में चंद्रमा का प्रवेश



Chandra Gochar July 2026: 18 जुलाई की देर रात चंद्रमा सिंह राशि से निकलकर कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। यह राशि परिवर्तन रात 11 बजकर 59 मिनट पर होगा। वैदिक ज्योतिष के अनुसार बुध ग्रह, चंद्रमा को अनुकूल नहीं मानते हैं, ऐसे में जब चंद्रमा बुध की राशि कन्या में आते हैं तो इसका प्रभाव कुछ राशियों के लिए अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस दौरान खासतौर पर आर्थिक मामलों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। इसके अलावा स्वास्थ्य और पारिवारिक जीवन में भी कुछ परेशानियां सामने आ सकती हैं, इसलिए इन राशियों के लोगों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत होगी। आइए जानते हैं किन राशियों पर इसका प्रभाव अधिक रहेगा।मेष राशि के जातकों के लिए चंद्रमा का यह गोचर छठे भाव में होगा, जिसे रोग, ऋण और शत्रु का भाव माना जाता है। इस कारण यह समय बहुत अनुकूल नहीं कहा जा सकता। यदि आपने किसी से उधार लिया है तो उसे चुकाने का दबाव बढ़ सकता है। आर्थिक मामलों में सावधानी जरूरी है। पारिवारिक जीवन में भी कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है और रिश्तों में खटास आ सकती है। बातचीत करते समय संयम और समझदारी बनाए रखना बेहद जरूरी होगा। छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करना ही बेहतर रहेगा। इस समय मानसिक शांति बनाए रखने के लिए चंद्रमा से जुड़े मंत्रों का जाप लाभकारी सिद्ध हो सकता है।तुला राशि वालों के लिए चंद्रमा का यह गोचर बारहवें भाव में होगा, जो खर्च और हानि का संकेत देता है। इस दौरान आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर पड़ सकती है, इसलिए पैसे से जुड़े मामलों में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन में जल्दबाजी न करें और कोशिश करें कि किसी विश्वसनीय व्यक्ति की सलाह लें। इस समय उधार देने से बचना ही समझदारी होगी। स्वास्थ्य को लेकर भी लापरवाही न बरतें, क्योंकि छोटी समस्या भी बड़ी बन सकती है। सामाजिक जीवन में अपनी छवि को बनाए रखने के लिए सोच-समझकर ही कोई कदम उठाएं। मानसिक संतुलन और सकारात्मकता बनाए रखने के लिए भगवान शिव के मंत्रों का जाप करना शुभ रहेगा।कुंभ राशि के जातकों के लिए चंद्रमा का यह गोचर अष्टम भाव में होगा, जिसे अचानक घटनाओं और अनिश्चितताओं का भाव माना जाता है। इस दौरान अचानक खर्च या धन हानि होने की संभावना बनी रहेगी। यात्रा के दौरान अपने सामान का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि चोरी या नुकसान की आशंका हो सकती है। इस समय किसी पर भी आंख मूंदकर भरोसा करना नुकसानदेह साबित हो सकता है, खासकर जो लोग घर से दूर रहकर काम या पढ़ाई कर रहे हैं। अपनी निजी बातें दूसरों से साझा करने से बचें। सतर्कता और समझदारी से ही आप इस समय को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं। नकारात्मक ऊर्जा से बचने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करना लाभकारी रहेगा।

# IND vs ENG:भविष्य की अटकलों के बीच रोहित शर्मा पर रहेंगी नजरें लॉर्ड्स में कैसा है हिटमैन का रिकॉर्ड?

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को लेकर पिछले कई दिनों से अटकलों का बाजार गर्म है। भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को तीसरा वनडे मैच खेला जाना है। आइए जानते हैं कि लॉर्ड्स पर रोहित का रिकॉर्ड कैसा रहा है...



भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा वनडे मुकाबला रविवार को लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेला जाएगा। इस मुकाबले में खासतौर पर रोहित शर्मा के प्रदर्शन पर हर किसी की निगाहें होंगी। पिछले दो दिनों से रोहित के भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें लगी हैं, जिन पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी सफाई दी है। रोहित का भविष्य क्या रहता है ये तो आने वाले दिनों में पता चलेगा, लेकिन आइए जानते हैं कि वनडे में रोहित का रिकॉर्ड लॉर्ड्स में कैसा रहा है।

**लॉर्ड्स में रोहित का प्रदर्शन**

रोहित को लॉर्ड्स का मैदान 50 ओवर के प्रारूप में कुछ खास रास नहीं आता है। रोहित ने लॉर्ड्स में अब तक सिर्फ दो ही वनडे मुकाबले खेले हैं। इस दौरान एक मैच में वह खाता खोले बिना पवेलियन लौटे हैं, तो एक अन्य मुकाबले में सिर्फ 15 रन ही बना सके हैं। तीनों प्रारूप को मिलाकर रोहित ने इस मैदान पर कुल पांच मैच खेले हैं और इस दौरान उनके बल्ले से 22 की मामूली औसत से 133 रन आए हैं।

**बीसीसीआई ने खारिज किया था दावा**

शुरुआती दो वनडे मुकाबलो में फ्लॉप रहने के बाद रोहित के भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। कुछ रिपोर्ट्स में ऐसा भी दावा किया गया कि रोहित अपने करियर का आखिरी वनडे लॉर्ड्स में खेलने वाले हैं और इस सीरीज के बाद चयनकर्ता उन्हें वनडे टीम में नहीं रखना चाहते हैं।

हालांकि, रोहित के भविष्य को लेकर चल रही तमाम तरह की अफवाहों पर बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने विराम लगाया। उन्होंने कहा, रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन बोर्ड स्तर पर इस विषय में कोई बातचीत नहीं हुई है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह दावा पूरी तरह निराधार है कि रोहित रविवार को लॉर्ड्स में अपना अंतिम मैच खेलने वाले हैं। इस तरह की किसी भी चर्चा या निर्णय की जानकारी बोर्ड के पास नहीं है।

**रोहित से बड़ी पारी की आस**

रोहित शर्मा पहले वनडे मुकाबले में सिर्फ 11 रन बनाकर आउट हुए थे। वहीं, दूसरे वनडे मैच में वह 47 गेंदों का सामना करने के बाद महज 26 रन ही बना सके थे। आमतौर पर अपनी आक्रामक शैली के लिए मशहूर रोहित इस सीरीज में रन और बेहतर स्ट्राइक रेट के लिए जूझते नजर आए हैं। हालांकि, भारतीय टीम चाहेगी कि रोहित लॉर्ड्स में अपने खराब रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए तीसरे वनडे में दमदार पारी खेलें।

# Smriti Mandhana Birthday

## 30 की हुईं स्मृति मंधाना, बल्ले से लिख रही हैं भारतीय महिला क्रिकेट की नई कहानी



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आज 30 साल की हो गई हैं। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी, शानदार रिकॉर्ड और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर उन्होंने भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।भारतीय महिला क्रिकेट की लोकप्रियता पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। आज महिला टीम के मुकाबलों में स्टेडियम दर्शकों से भरने लगे हैं और टीवी व डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी बड़ी संख्या में लोग मैच देखते हैं। इस बदलाव के पीछे जिन खिलाड़ियों का सबसे बड़ा योगदान माना जाता है, उनमें भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान और स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का नाम सबसे आगे आता है। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी, शानदार तकनीक और निरंतर प्रदर्शन के दम पर स्मृति मंधाना ने न केवल भारतीय टीम को कई यादगार जीत दिलाई हैं, बल्कि महिला क्रिकेट को नई पहचान भी दिलाई है। लोकप्रियता के मामले में वह देश के कई पुरुष क्रिकेटरों को भी कड़ी टक्कर देती हैं। मैदान पर अक्सर फैंस के बीच 'मंधाना... मंधाना...' के नारे उनकी बढ़ती लोकप्रियता की गवाही देते हैं।स्मृति मंधाना का जन्म 18 जुलाई 1996 को मुंबई में हुआ था। उनका परिवार पहले से ही क्रिकेट से जुड़ा रहा है। उनके पिता और भाई दोनों क्रिकेट खेल चुके हैं। इसी माहौल ने स्मृति को भी क्रिकेट की ओर प्रेरित किया। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि उनके पिता को बाएं हाथ के बल्लेबाज बेहद पसंद थे, इसलिए उन्होंने भी बाएं हाथ से बल्लेबाजी करना शुरू किया। महज नौ साल की उम्र में उन्हें महाराष्ट्र की अंडर-15 टीम में जगह मिल गई थी, जबकि 11 साल की उम्र में वह राज्य की अंडर-19 टीम का हिस्सा बन गईं। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना ने 5 अप्रैल 2013 को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मुकाबले से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया।

# Sir Garry Sobers Died

## कोहली बोले- आने वाली पीढ़ियां रखेंगी याद



क्रिकेट जगत के महानतम ऑलराउंडरों में शुमार वेस्टइंडीज के दिग्गज सर गारफील्ड सोबर्स के निधन पर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सचिन ने सोबर्स के साथ बिताए गए पलों को याद किया है, जबकि कोहली का कहना है कि सोबर्स ने अपने करियर में जो कुछ हासिल किया जो आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। सोबर्स का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। उन्होंने अपने करियर में बल्लेबाजी, तेज और स्पिन गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग से क्रिकेट को नई पहचान दी।28 जुलाई को सोबर्स का 90वां जन्मदिन था, लेकिन उससे पहले ही उनका निधन हो गया। सर गारफील्ड सोबर्स ने वेस्टइंडीज के लिए 93 टेस्ट मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 160 पारियों में 8,032 रन बनाए। उनका बल्लेबाजी औसत 57.78

**वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर सर गारफील्ड सोबर्स के निधन पर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सचिन ने सोबर्स के साथ अपनी आखिरी मुलाकात को याद किया।**

रहा, जो उनके दौर के हिसाब से असाधारण माना जाता है। उन्होंने अपने करियर में 26 शतक, 30 अर्धशतक, दो दोहरे शतक और एक तिहरा शतक लगाया। उनका सर्वोच्च स्कोर 365 रन* रहा, जो उस समय टेस्ट क्रिकेट का विश्व रिकॉर्ड था और कई वर्षों तक कायम रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 235 विकेट लिए। उनका गेंदबाजी औसत 34.04 और इकोनॉमी 2.33 रही। सोबर्स ने अपने करियर में सिर्फ एक वनडे मैच खेला। इसमें उन्होंने कोई रन नहीं बनाया

रहा, जो उनके दौर के हिसाब से असाधारण माना जाता है। उन्होंने अपने करियर में 26 शतक, 30 अर्धशतक, दो दोहरे शतक और एक तिहरा शतक लगाया। उनका सर्वोच्च स्कोर 365 रन* रहा, जो उस समय टेस्ट क्रिकेट का विश्व रिकॉर्ड था और कई वर्षों तक कायम रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 235 विकेट लिए। उनका गेंदबाजी औसत 34.04 और इकोनॉमी 2.33 रही। सोबर्स ने अपने करियर में सिर्फ एक वनडे मैच खेला। इसमें उन्होंने कोई रन नहीं बनाया



# IND vs ENG: कोहली-अय्यर के अर्धशतक पड़े फीके

## रूट ने इंग्लैंड को दिलाई शानदार जीत सीरीज 1-1 की बराबरी पर

जो रूट की नाबाद 99 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। भारत की ओर से विराट कोहली (65) और श्रेयस अय्यर (66) ने अर्धशतक लगाए, लेकिन रोहित शर्मा की खराब फॉर्म और मध्यक्रम के बिखरने से टीम सिर्फ 233 रन ही बना सकी। जो रूट की शानदार नाबाद 99 रन की पारी के दम पर इंग्लैंड ने गुरुवार को कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में खेले गए दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। अब सीरीज का फैसला रविवार को लॉर्ड्स में खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले में होगा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवर में 233 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 44.1 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 234 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट को जल्दी आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने जैकब बेथल को चलता किया। हैरी ब्रूक भी सिर्फ 16 रन बनाकर गुरनूर बराड़ का शिकार बने। एक समय इंग्लैंड का स्कोर 125/5 था, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने संयम के साथ पारी को संभाला। उन्होंने विल जैक्स (30) के साथ छठे विकेट के लिए 72 रन की अहम साझेदारी की और टीम को जीत तक पहुंचाया। रूट ने 133 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाए। वह शतक से सिर्फ एक रन दूर रह गए, लेकिन गस एटकिंसन ने विजयी चौका लगाकर मैच खत्म कर दिया।



# Rohit Sharma: लॉर्ड्स वनडे के बाद खत्म हो जाएगा रोहित का करियर?

## वनडे विश्व कप में चयन को लेकर मिले बड़े संकेत

इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला जाने वाला तीसरा वनडे रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मैच हो सकता है। चयनकर्ता अब 2027 वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ियों को मौका देने के पक्ष में हैं, हालांकि रोहित के भविष्य पर अभी कोई आधिकारिक फैसला नहीं हुआ है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का अंतरराष्ट्रीय करियर अब अंतिम दौर में पहुंचता दिख रहा है। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को लॉर्ड्स में खेला जाने वाला तीसरा वनडे रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मुकाबला हो सकता है। भारतीय चयन समिति मौजूदा इंग्लैंड दौरे के बाद उन्हें वनडे टीम में आगे मौका देने के पक्ष में नहीं दिख रही है।

चयनकर्ताओं की नजर भविष्य पर

पीटीआई के अनुसार, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर इस समय इंग्लैंड दौरे पर टीम के साथ मौजूद हैं। सूत्रों का कहना है कि चयनकर्ता अब 2027 वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए युवा खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं। इसी वजह से 39 वर्षीय रोहित शर्मा को आगे की योजनाओं में शामिल किए जाने की संभावना कम है। एक वरिष्ठ बीसीसीआई सूत्र ने कहा, 'चयनकर्ता यशस्वी जायसवाल को लगातार मौके देना चाहते हैं। उन्होंने तीन पारियों में दो शतक लगाए हैं और टीम प्रबंधन चाहता है कि आगामी लगभग 20 वनडे मैचों में उन्हें पर्याप्त अवसर मिलें।' सूत्र ने यह भी कहा, 'कोई भी रोहित शर्मा से संन्यास लेने के लिए नहीं कह सकता, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सितंबर में होने वाली घरेलू वनडे सीरीज से चयनकर्ता भविष्य की टीम तैयार करना चाहते हैं।

**रोहित के हालिया प्रदर्शन पर सवाल**

रोहित शर्मा का हालिया वनडे प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। पिछले आठ वनडे मैचों में उन्होंने 241 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 30.1 और स्ट्राइक रेट 88.6 रहा है, जबकि उनके बल्ले से सिर्फ एक अर्धशतक निकला है

पीटीआई के अनुसार, मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर विराट कोहली को लेकर एकमत हैं। उनकी मौजूदा फॉर्म और फिटनेस को देखते हुए कोहली वनडे टीम में स्वत: चयन के दावेदार बने हुए हैं।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के समय भी चयन समिति और उनके बीच पूरी तरह सहमति नहीं थी।

रोहित शर्मा का हालिया वनडे प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। पिछले आठ वनडे मैचों में उन्होंने 241 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 30.1 और स्ट्राइक रेट 88.6 रहा है, जबकि उनके बल्ले से सिर्फ एक अर्धशतक निकला है

पीटीआई के अनुसार, मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर विराट कोहली को लेकर एकमत हैं। उनकी मौजूदा फॉर्म और फिटनेस को देखते हुए कोहली वनडे टीम में स्वत: चयन के दावेदार बने हुए हैं।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के समय भी चयन समिति और उनके बीच पूरी तरह सहमति नहीं थी।



**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**

**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**

**– सम्पादक**

**R.N.I. No. UPHIN/25/A4228**

**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक निर्भय कुमार सेंगर के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर, बी-9, गायत्री भवन, विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास, रामघाट रोड, अलीगढ़ (उ.प्र.) से प्रकाशित।**

**मो. 9454428661**

**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**

**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**

**Email:planetnewsindia776 @gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













